

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 9 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 3 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 05 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ वृद्धावस्था की ओर बढ़ता भारत

इत्ती सी खुशी से इम्प्रेस हुई सोनाली बेंद्रे ◂◂ 6



# उपराष्ट्रपति चुनाव : मतदान जारी, परिणाम देर शाम

● राधाकृष्णन और रेड्डी में मुकाबला ● पीएम मोदी सहित कई सांसदों ने डाला वोट ● अकाली दल, नवीन पटनायक और केसीआर की पार्टी ने दूरी बनाई

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति पद के लिए संसद भवन में मतदान की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से जारी है। इस चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसद और मंत्री हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी। देवेगौड़ा, भाजपा सांसद कंगना रनौत और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने संसद भवन पहुंचकर अपना वोट डाला। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए चल रही वोटिंग के बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के कांग्रेस सांसदों के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान को लेकर निर्देश दिए।




इससे पहले, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी। सुदर्शन रेड्डी ने अपनी जीत का भरोसा जताते हुए क्रॉस वोटिंग की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस चुनाव में जीतने जा रहे हैं। मैं केवल लोगों की अंतरात्मा को जगाने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने यह नहीं कहा कि क्रॉस-वोटिंग होगी। मुझे नहीं पता कि क्रॉस-वोटिंग क्या होती है। इसके अलावा, एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव पर कहा, यह भारतीय राष्ट्रवाद की बड़ी जीत होने वाली है। हम सब एक हैं और एक रहेंगे। हम चाहते हैं कि विकसित भारत बने। यह जीत उस दिशा में ले जाएगी।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नए संसद भवन में शाम 5 बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना शाम 6 बजे शुरू होगी और परिणाम देर शाम तक आने की उम्मीद है। भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है।

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज किया जा रहा है। इस चुनाव में सत्ताधारी दल एनडीए की तरफ से सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष गठबंधन इंडिया की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी। सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है। इस कड़ी में तमाम दलों के सांसदों और नामित सांसदों की तरफ से वोट डाले जा रहे हैं।

**क्यों छोड़ा उपराष्ट्रपति का पद? :** जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को, मानसून सत्र के पहले दिन, स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उस दिन से ही वे सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए हुए हैं।

**भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव:** भारत में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हर पांच वर्ष में होता है। उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। इस चुनाव में संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा, के निर्वाचित और नामित सदस्य मतदान करते हैं। चुनाव गुप्त मतदान द्वारा और एकल संक्रमणीय मत प्रणाली (सिंगल ट्रांसफरेबल वोट) से कराया जाता है। निर्वाचन आयोग इसकी प्रक्रिया संचालित करता है। जीतने वाले उम्मीदवार को वैध मतों का बहुमत प्राप्त करना जरूरी होता है।

**पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया मतदान:** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की शुरूआत में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट डाला। इसके बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट भी किया।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उपराष्ट्रपति पद के लिए जारी चुनाव में मतदान किया।

उपराष्ट्रपति पद के लिए जारी चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मतदान किया।

## नेपाल में राष्ट्रपति और पीएम ओली के घर आगजनी-तोड़फोड़

### युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के बीच 4 मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, प्रधानमंत्री ने सर्वदलीय बैठक बुलाई



**काठमांडू:** सोशल मीडिया बैन को लेकर गुस्साए युवाओं का प्रदर्शन हिंसक हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों का पीछा किया और उन पर पथराव किया। हालात को काबू में करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं, सोमवार को हुए जेएन जेड प्रदर्शनों के दौरान युवाओं की मौत के बाद पानी आपूर्ति मंत्री प्रदीप यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना के बाद सरकार में बने रहना उचित नहीं है। इस्तीफा पत्र में यादव ने युवाओं को अपना सबसे बड़ा समर्थक बताया और कहा कि वही उनकी ऊर्जा और उत्साह का स्रोत हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन द्वारा किए गए दमन का विरोध करते हुए जेएन जेड आंदोलन के समर्थन में पद छोड़ने का ऐलान किया। अब तक पांच मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं।

नेपाल में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने आज शाम छह बजे सर्वदलीय बैठक बुलाने का ऐलान किया है। ओली ने कहा कि वे हालात का आकलन करने और सार्थक समाधान तलाशने के लिए संबंधित दलों से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि इस कठिन समय में सभी भाइयों और बहनों से धैर्य और संयम की अपेक्षा है। इसी बीच खबर आ रही है कि नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दुबई जाने की योजना बना रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, वह इलाज के लिए दुबई जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीरः कुलगाम में 'ऑपरेशन गुद्दर' जारी

# आतंकियों से लोहा लेते दो जवान शहीद, सुरक्षाबलों ने मारे दो आतंकवादी

**जम्मू-कश्मीर:** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम ज़िले में सोमवार को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और एक अन्य घायल हो गया। यह मुठभेड़ गुद्दर के जंगल में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान हुई। 'ऑपरेशन गुद्दर' नाम का यह अभियान विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर शुरू किया गया था। इस मुठभेड़ में सेना के तीन जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की बाद में अस्पताल में मौत हो गई।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। एक अधिकारी ने यहां बताया, रात में थोड़ी देर के लिए गोलीबारी रुकने के बाद कुलगाम में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान आज सुबह फिर से शुरू हो गया। सोमवार को शुरू हुई भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को ढेर किया गया, जिनमें से एक के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। इस अभियान में सेना के एक मेजर भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया।

तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए, जिनकी पहचान सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु के रूप में हुई। इसके अलावा सेना का एक मेजर भी घायल हो गया। बाद में गौड़ और सिंधु की मौत हो गई, जबकि मेजर की हालत स्थिर बताई गई है। सेना की कश्मीर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह ह्यह्यदेश के लिए कर्तव्य निभाते हुए बहादुर सैन्यकर्मियों सूबेदार प्रभात गौड़ और लेफ्टिनेंट कमांडर नरेंद्र सिंधु के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। जम्मू कश्मीर पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद सोमवार को भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कुलगाम के गुडार जंगल में संयुक्त तलाश अभियान चला था। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को ललकारा, जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई। मारे गए आतंकवादियों में से एक स्थानीय था। वहीं एक अन्य आतंकी के पाकिस्तानी होने का संदेह है जिसका कोड नाम रहमान भाई था। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने गुडार में मुठभेड़ स्थल का दौरा किया, साथ ही उन्होंने सेना के नेतृत्व में संयुक्त अभियान की सराहना की।

# अपराधियों के हौसले बुलंद! बोकारो में ट्रैक्टर चालक पर दिनदहाड़े बरसायी गोलियां

**बोकारो :** जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बांधडीह में आज मंगलवार की सुबह अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक पर अंधाधुंध गोलियां बरसायी। चालक गंभीर रूप से घायल है, उसे इलाज के लिए बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान 35 वर्षीय जादू हरि के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर एसपी हरविंदर सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

एसपी ने इस संबंध में बताया कि घटनास्थल से एक पर्चा और पांच खोखा बरामद किया गया है। बांधडीह रेलवे साइडिंग में रेलवे के द्वारा बाउंड्री वॉल का काम कराया जा रहा था। वहां चालक ट्रैक्टर में मिट्टी लेकर पहुंचा था। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उसे गोली मारी। चालक को पेट, कमर और पैर में 4 गोली लगी है। घटना के बाद रेलवे साइडिंग पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायल चालक को बोकारो जनरल हॉस्पिटल पहुंचाया। रेलवे साइडिंग में पिछले 6 महीने से बाउंड्री वॉल का काम चल रहा था। घटना रंगदारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

मौके से बरामद पर्चे में टेंडर को लेकर धमकी दी गयी है। टेंडर में लिखा है महुदा भोजूडीह के अंतर्गत आने वाला कोई भी टेंडर बिना बात किये जो भी ठेकेदार डालेगा उसका अंजाम यही होगा। यह धमकी किसी त्यागी जी के नाम पर दी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### गणेश विसर्जन हिंसा के बाद तनाव

# कर्नाटक के मांड्या में बंद का असर भाजपा-जेडीएस प्रदर्शन में शामिल



**मांड्या:** कर्नाटक के मांड्या जिले के मद्दुर तालुका में 7 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हुए पथराव और हिंसक झड़पों के बाद तनाव बना हुआ है। इस घटना में छह लोग घायल हो गए थे। इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई ने मंगलवार को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक बंद का आह्वान किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रेश ने कार्यकताओं को मद्दुर में ह्यबंदह्न सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जनता, व्यापारियों और संगठनों से बंद में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बंद को सरकार के लिए चेतावनी करार बताया। भाजपा के सहयोगी दल जनता दल (सेक्युलर) ने भी बंद का समर्थन किया है। पूर्व विधायक डीसी थम्मन्ना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी से निष्पक्ष तरीके से बंद में भाग लेने का अनुरोध किया।

मंगलवार को सुबह-सुबह बंद के चलते मद्दुर शहर पूरी तरह ठप नजर आया। मुख्य सड़कें सुनसान हैं, और जरूरी वस्तुओं की दुकानों को छोड़कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं। मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस हाई अलर्ट पर है, और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

बता दें कि मद्दुर में हुई घटना के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 21 लोगों को हिरासत में लिया है। केंद्रीय उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मद्दुर की घटना को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। कुमारस्वामी ने कहा, हमारे जिले और पूरे राज्य में इतनी बड़ी घटना घटने का मुख्य कारण कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का आचरण है। कांग्रेस की सरकार में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि हिंदू आहत हैं। हर दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

इधर, मैसूर में हिंदू जागरण और दूसरे संगठनों की ओर से प्रस्तावित चामुंडी चलो अभियान को लेकर स्थिति तनावपूर्ण है। पुलिस ने चामुंडी हिल्स की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर नाकेबंदी कर दी है। इसके कारण सांगोली रायन्ना सर्कल में 300 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। डीसीपी बिंदु मणि ने घटनास्थल का दौरा किया। प्रदर्शनकारियों के पहुंचते ही उन्हें हिरासत में लेने की संभावना है, और इसके लिए अतिरिक्त पुलिस वाहन तैनात किए गए हैं।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

खुशियों का उपहार



डॉ0 इरफान अंसारी
माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार

के कर कमलों द्वारा
संविदा आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का

नियुक्ति पत्र वितरण

दिनांक: 09.09.2025 | समय: अपराह्न 12:00 बजे से
स्थान: IPH प्रेक्षागृह, नामकुम, राँची

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु नि:शुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु नि:शुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 नि:शुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 361282 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# न्यूज IN ब्रीफ

## श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में वर्षा जल संचयन पर कार्यशाला

**मुरहू:** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाले जल संकट को देखते हुए छात्रों और समुदाय को वर्षा जल के संरक्षण के प्रति सेंसिटाइज करना था। कार्यक्रम के दौरान, छात्र-छात्राओं के विभिन्न समूहों ने वर्षा जल संचयन के सिद्धांतों और व्यावहारिक उपयोग पर आधारित रचनात्मक मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। इन मॉडलों के माध्यम से उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और तरीकों को विस्तार से समझाया। आर्यन ग्रुप, राहुल ग्रुप, शिवा ग्रुप, जिया और सिया ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट मॉडलों के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्रों को संबोधित करते हुए वर्षा जल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, धरती पर गिरने वाली बारिश की हर बूंद भगवान के आशीर्वाद के समान है। इस मोती के समान पानी को बर्बाद नहीं, बल्कि इकट्ठा करना हम सबकी जिम्मेदारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ पानी की कमी है। भूजल स्तर को बढ़ाना और भविष्य के जल संकट से निपटने का एकमात्र व्यावहारिक उपाय वर्षा जल संचयन ही है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक स्वर में जल संचयन के लिए प्रयासों को तेज करने और इसे एक जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन शिक्षिकाओं रिया और सावित्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्र के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**खूंटी :** रोजगार की तलाश में दक्षिण भारत जा रहे खूंटी जिले के एक व्यक्ति की ट्रेन से गिरने से आंध्र प्रदेश में मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के करा बरटोली निवासी 45 वर्षीय नोएल तोपनो के रूप में हुई है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना रविवार रात (7 सितंबर) लगभग 1 बजे आंध्र प्रदेश के कावली रेलवे स्टेशन के पास घटी। बताया जा रहा है कि नोएल अपने दो साथियों के साथ 5 सितंबर को कन्याकुमारी में नौकरी की तलाश के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरने के कारण उनकी मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलने पर मरचा पंचायत के मुखिया मोनिका तोपनो और सामाजिक कार्यकर्ता केशव कुमार व आशीष कुमार साहू सोमवार सुबह 9 बजे मृतक के परिजनों से मिले और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने शव को वापस लाने के लिए कावली रेलवे पुलिस के साथ बातचीत की और एंबुलेंस से करा बरटोली लाने का प्रबंध किया। नोएल का शव लाने के लिए उनकी बहन और अन्य रिश्तेदार सोमवार को ही ट्रेन से कावली के लिए रवाना हो गए हैं।

## बाइक-स्कूटी की टक्कर में चार घायल

**खूंटी :** मारांगहादा रोड स्थित टोरानकेल क्षेत्र के पास सोमवार को एक बाइक और एक स्कूटी की सीधी टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में से एक युवक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग (जिनमें एक बच्ची भी शामिल है) और स्कूटी चालक घायल हो गए। हादसा इतना जोरदार था कि सभी को तुरंत चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता थी।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने तत्काल एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन देरी होने की आशंका के चलते लोगों ने आपसी सहायता से घायलों को अपने निजी वाहनों से खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया।

सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एक युवक को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जानकारी ले ली है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## जनता ने श्रम दान से बनाया डायवर्सन, विधायक और प्रशासन की 'जोकराई' हुई बेनकाब

**खूंटी:** जनप्रतिनिधियों और सरकारी तंत्र से उम्मीदें टूटने के बाद, आम जनता ने श्रमदान कर बनाया खूंटी पेलोल पुल। करीब दो महीने से टूटे पुल का डायवर्सन बनाने में सरकारी विभाग और क्षेत्र के विधायक नाकाम रहे, तो ग्रामीणों ने खुद ही अपने श्रम से यह काम कर डाला। पेलोल बस्ती को आस-पास के इलाकों से जोड़ने वाला यह पुल लगभग दो महीने पहले टूट गया था, जिससे लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान उन्होंने बार-बार प्रशासन और अपने विधायक से इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। सिर्फ आश्वासन और जोकराई मिली, एक स्थानीय निवासी ने कहा, विधायक जी और अधिकारी तस्वीरें खिंचवाने और वादे करने से ज्यादा कुछ नहीं कर पाए। हमें लगने लगा था कि अब शायद बारिश का मौसम निकल जाएगा, पर कोई हल नहीं निकला।

अपनी रोजमर्रा की दिक्कतों से तंग आकर ग्रामीणों ने एकजुट होने का फैसला किया। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने मिलकर श्रमदान करना शुरू किया। अपने हाथों से फावड़ा-गैंती उठाया और कठिन मेहनत से एक ठोस डायवर्सन मार्ग बना डाला। अब इसी रास्ते से वाहन और पैदल यात्री गुजर रहे हैं।

## उपायुक्त ने प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण कर बेहतर संचालन का दिया निर्देश

खूंटी: जिले की उपायुक्त आर. रॉनिटा ने आज कदमा स्थित प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट के संचालन को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान जोर देकर कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट में सीजन के अनुसार जिले में पैदा होने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे आलू, स्वीट पोटैटो (शकरकंद), केला और विशेष रूप से कटहल की प्रोसेसिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया और विपणन प्रणाली को दुरुस्त करने का आदेश दिया।

श्रीमती रॉनिटा ने कहा कि उत्पादों की अच्छी कैनिंग और पैकेजिंग करके ही ग्राहकों तक गुणवत्तापूर्ण सामग्री पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सीजनल उत्पादों से चिप्स, आटा जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार करने पर काम किया जाए, ताकि खूँटी के उत्पादों को झारखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों के बाजारों में भी भेजा जाये।

उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत काम कर रहे एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) की सदस्यों ('दीदियों') का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस कदम से जहाँ एक ओर स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर खूँटी जिले के कृषि उत्पादों को एक नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

# झोला-छाप डॉक्टरों व अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, कई मामलों में प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता




**चतरा :** जिले में झोला-छाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिकों की लापरवाही से लगातार गंभीर घटनाएँ सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। हाल ही में दो मरीजों की मौत तथा होटल में अवैध नर्सिंग होम संचालित होने की पुष्टि के बाद प्रशासन ने क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत संबंधित डॉक्टरों एवं संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कड़ा संदेश दिया है। उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल स्तर पर जांच समितियों का गठन किया है तथा दोषियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। महिला की मौत के बाद मामला दर्जः बीते 02 सितम्बर को हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह स्थित जीवन रेखा क्लिनिक में प्रसव पीड़ा से पीड़ित रंजु देवी (उम्र 23 वर्ष) का बिना जांच ऑपरेशन कर दिया गया, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। मृतिका के पति धमेन्द्र कुमार यादव के आवेदन पर हंटरगंज थाना कांड संख्या-153/25 के अंतर्गत क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट की सुसंगत धाराओं में झोला-छाप डॉक्टर विकेश कुमार यादव, रामधीर कुमार एवं सुनिल कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त नर्सिंग होम को सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा द्वारा सील कर दिया गया।वहीं 01 सितम्बर को वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेमडेम नावाडीह निवासी ऋषि कुमार ( 05 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। झोला-छाप डॉक्टर प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा दिए गए तीन इंजेक्शनों के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गई और मगध मेडिकल कॉलेज, गया पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में वशिष्ठनगर जोरी थाना कांड संख्या-57/25 के अंतर्गत क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य मामले में प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर 02 सितम्बर को चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर चतरा की टीम ने सदर प्रखंड के तपेज इलाके में जांच की। जांच के क्रम में पाया गया कि एक होटल का बोर्ड लगाकर अंदर अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था, जहाँ कई मरीज भर्ती थे। संचालक मौके से फरार हो गए। उक्त अवैध नर्सिंग होम को सील करते हुए संचालक के विरुद्ध सदर थाना चतरा कांड संख्या-295/25 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त कीर्तिश्री ने स्पष्ट कहा है कि जिले में झोला-छाप चिकित्सकों और अवैध नर्सिंग होम/क्लिनिक को कतई बख्शा नहीं जाएगा। दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त द्वारा अवैध नर्सिंग होमो की जांच के लिए चतरा एवं सिमरिया में अनुमंडल समिति का गठन किया गया है। चतरा में गठित समिति में अनुमंडल पदाधिकारी (अध्यक्ष), प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी, कार्यपालक दंडाधिकारी, चतरा एवं अंचल अधिकारी, हंटरगंज को शामिल किया गया है। वहीं सिमरिया अनुमंडल समिति में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया (अध्यक्ष), प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरिया, कार्यपालक दंडाधिकारी, सिमरिया एवं अंचल अधिकारी, सिमरिया को शामिल किया गया है। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम ने कहा कि प्रशासन की यह सख्ती पूरी तरह जनहित में है। अवैध क्लिनिक एवं झोला-छाप डॉक्टरों की वजह से निर्दोष लोगों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने अवैध रूप से क्लिनिक या नर्सिंग होम खोले हैं, वे स्वयं बंद कर दें, अन्यथा प्रशासन की कार्रवाई से उन्हें बचना मुश्किल होगा।उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे इलाज के लिए सदैव पंजीकृत चिकित्सकों एवं मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों का ही सहारा लें। साथ ही किसी भी संदिग्ध क्लिनिक या झोला-छाप डॉक्टर की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएँ, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## कॉसमॉस पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग समारोह का आयोजन




संवाददाता

**खूंटी :** जिले के कॉसमॉस पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और खुशी के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्यार को रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा राय ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात, उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, शिक्षा जीवन की नींव है, जो हमें न केवल ज्ञान देती है बल्कि एक बेहतर इंसान बनने का मार्ग भी दिखाती है। एक शिक्षक का कर्तव्य है कि वह विद्यार्थियों में अच्छे चरित्र और संस्कारों का निर्माण करे। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने रंगबिरंगे परिधानों में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, शिक्षक-छात्र संबंधों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया, जिनमें छात्रों के अभिनय ने सभी को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। हर प्रदर्शन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और समर्पण भाव से परिपूर्ण था।

इस समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में, विद्यार्थियों की ओर से शिक्षकों को उपहार और शुभकामनाएँ देकर सम्मानित किया गया।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, नेताजी चौक ने नयी कमेटी का किया गठन

संवाददाता

**खूंटीः** शहर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में से एक, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, नेताजी चौक ने वर्ष 2025 के लिए अपने पदाधिकारियों की विस्तृत सूची जारी की है। इस बार समिति ने एक बड़ी और व्यापक टीम का गठन किया है ताकि पूजा के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा सके और उत्सव को और भी भव्य बनाया जा सके।

नकुल भगत अध्यक्ष और लव चौधरी महामंत्री के रूप में करेंगे। उनका मार्गदर्शन एक शक्तिशाली 21-सदस्यीय संरक्षक मंडल करेगा, जिसमें शहर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का वितरण इस प्रकार किया गया हैः

संयोजकः ज्योतिष भगत, मनोज कुमार, संजय मिश्रा, रंजीत प्रसाद, और जयप्रकाश भाला।

उपाध्यक्षः गोपाल भगत सहित सात सदस्य।

मंत्रीः दामोदर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम।

वित्त प्रबंधनः बजरंग बाहेती और





अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

प्रचार प्रसारः नीरज चौरसिया और बृजेश भगत को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस वर्ष, समिति ने विशेष प्रभारियों की नियुक्ति करके कार्यों को और विस्तृत किया है। विकास चौधरी विद्युत एवं लाइसेंस प्रभारी, उमेश महतो पंडाल व्यवस्था एवं सज्जा प्रभारी, और दामोदर प्रसाद इनामी योजना प्रभारी होंगे। सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी विनोद जायसवाल के नेतृत्व में एक बड़ी टीम को दी गई है।

महाप्रसाद वितरण की जिम्मेदारी तपेश्वर महतो और गौतम बनिक सहित अन्य सदस्यों को सौंपी गई है। समिति ने युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करने के लिए एक समर्पित 'युवा दस्ता' भी बनाया है, जिसका नेतृत्व हरिनारायण साहू (बाबू) करेंगे। समिति के अध्यक्ष नकुल भगत और महामंत्री लव चौधरी ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से एकजुट होकर काम करने और इस वर्ष की दुर्गा पूजा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने शहरवासियों से भी सहयोग और आशीर्वाद की अपेक्षा व्यक्त की।

## रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह

संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया गया। कक्षा दशम के बहनों ने सस्वर दीप प्रज्वलन मंत्र उच्चारित कर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार खंडेलवाल जी ने शॉल एवं आचार्य अजय कुमार पाठक ने पुष्पगुच्छ देकर भैया विशाल को सम्मानित किया । इस सम्मान समारोह का मंच संचालन विद्यालय के आचार्य अजय कुमार मिस्त्री ने किया । उन्होंने परिचय



कराते हुए कहा कि विशाल कुमार अग्रवाल बचपन से ही मेधावी छात्र थे । तत्पश्चात कक्षा दशम के बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के आचार्य शंभु नाथ मिश्र एवं अजय कुमार पाठक ने उनकी बचपन के जीवन शैली एवं कर्मठता पर प्रकाश डाला । इनके प्रारंभिक शिक्षा एवं हाई स्कूल की शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की व 2012 सत्र में मैट्रिक का परीक्षा उत्तीर्ण हुए । इन्होंने अपना परिश्रम बरकरार रखते हुए 2023/24 की जेपीएससी परीक्षा में 173 व रैंक प्राप्त कर विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं कक्षा 8 से लेकर 10इँ के भैया बहन व अभिभावक मौजूद थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कृतज्ञता ज्ञापन करते हुए कहा कि अभिभावक का सर को उपर रखने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

## 35वीं वाहिनी एसएसबी के स्थापना दिवस पर बल्ड कैंप का आयोजन

**चतरा :** चतरा कॉलेज चतरा के समीप 35 वीं वाहिनी एसएसबी के 19 वा स्थापना दिवस पर आज रेड क्रास सोसाइटी के सहयोग से बल्ड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विधायक जनार्दन पासवान, एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी रमेश कुमार,उप कमांडेंट नीरज कुमार सहायक कमांडेंट किशन कुमार गर्ग समेत एक सौ से ज्यादा एसएसबी के जवानों ने बल्ड डोनेशन कैंप में हिस्सा लिया। मौके पर रेडक्रास सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक, चतरा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक पंकज कुमार, अस्पताल मैनेजर नीरज कुमार समेत रेडक्रास सोसाइटी के कर्मी उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजनः स्थापना दिवस के अवसर पर कैंप परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### शराब की बोतल फोड़ने का विरोध, होटल संचालक को पड़ा महंगा

## शराबियों ने चाभी से मारकर किया घायल, गया मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में स्थित हटवारिया कौलेश्वरी मुख्य द्वार में रविवार देर शाम शराबियों के द्वारा शराब पीकर सड़क पर बोतल फोड़ने का विरोध करना एक होटल संचालक को महंगा पड़ गया। शराबियों ने होटल संचालक को चाभी से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया हैं। पीड़ित के पुत्र थाना क्षेत्र के तरवागड़ा निवासी अशोक साव के 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार साव के मुताबिक वह हटवारिया के कौलेश्वरी मुख्य द्वार के पास एनएस नामक होटल चलाते है। होटल चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पीड़ित के पुत्र नीरज ने लिखित आवेदन में बताया है कि रविवार की शाम दुकान के बगल में एक चौकी पर बैठकर चार शराबी शराब पी रहे थे।वही चौकी पर शराब पीकर शराब की बोतल फोड़ रहे थे। जिसे देखकर मैंने बोला कि सड़क पर बोतल क्यों फोड़ रहें हैं आने जानें वाले श्रद्धालुओं को चुभ जाएगा। इतना कहते ही चारों शराबी मारपीट पर उतारू हो गए। जिसे देखकर आसपास के लोग जुटे और



समझाबुझा कर उपरोक्त शराबियों को वहां से हटा दिया।कुछ ही क्षण में पुनः शराबी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगे। जिसके बाद मेरे पिताजी जब इसका विरोध किया और मुझे बचाने की कोशिश की तो इसी बीच उपरोक्त शरीबियों ने मेरे पिता जी को मार कर घायल कर दिया। घटना में मेरे पिता जी अचेत होकर गिर गए।आसपास के लोगो ने 108 में जानकारी दी। एंबुलेंस के माध्यम से घायल पिता को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने मारपीट का आरोप घनश्याम यादव, संतोष यादव,पवन यादव और विकास कुमार यादव पर लगाया है। पीड़ित ने हंटरगंज थाना प्रभारी और चतरा एसपी से न्याय कि गुहार लगाई है। हालांकि इस मामले में थाना प्रभारी से संपर्क किया गया परंतु संपर्क नहीं हो पाया। ज्ञात हो कि 26 अप्रैल को मंदिर जाने के रास्ते में दो आरोपी दुकानकरो को पुलिस ने शराब बेचते पकड़ा था जिसके बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया था। 5 महीना के बाद फिर से शराब का मामला प्रकाश में आया है। मां कौलेश्वरी मंदिर पूजा अर्चना करने प्रतिदिन झारखंड बिहार , उड़ीसा, सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह स्थल तीन धर्मो का संगम स्थल है हिंदू,बौद्ध और जैन धर्म यहां भारत सहित विदेशों से भी पर्यटक पहुंचते हैं।अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले क्या कार्रवाई करती है।

## पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया व पंचायत सचिव हुए सम्मानित

चतराः जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में पंचायत उन्नति सूचकांक के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में सोमवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बेहतर कार्य करने वाले मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख ममता कुमारी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल निखिल गौरव कमान कच्छप ने किया। सम्मानित होने वालो में प्रथम स्थान पैनी कला पंचायत के मुखिया बाबू नंद पासवान एवं पंचायत सचिव अंजली कुमारी ,जबकि द्वितीय श्रेणी में गेरुआ पंचायत के मुखिया दूधनाथ यादव उर्फ भीम यादव तथा पंचायत सचिव आनंद कुमार को दिया गया।

रांची सेक्स रैकेट का खुलासा

# रांची में 'वॉट्सएप' पर बुकिंग, गर्ल्स हॉस्टल से सीधे होटलों में भेजी जाती थीं लड़कियां

## गर्ल्स हॉस्टल में किराए पर रहती थी लड़कियां, बनाए गए थे पांच एजेंट

संवाददाता



**रांचीः** लालपुर पुलिस ने वर्द्धमान कंपाउंड में स्थित ओम गर्ल्स हॉस्टल में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा कर दिया है और इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें रैकेट का सरगना रामगढ़ जिले के नया सराय का रहने वाला मो. मुसीबुल रहमान और हजारीबाग दारू की रहने वाली उसकी सहयोगी वीणा देवी भी है।

जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में पुलिस को कई जानकारियां मिलीं। पता चला कि मो मोजेबुल रहमान ने पश्चिम बंगाल से देह व्यापार कराने के लिए लड़कियों को रांची लाया था। उन्हें ग्राहकों के अनुसार होटल और उनके घरों में भेजा करता था। ग्राहक से प्राप्त राशि में 50 प्रतिशत कमीशन रखकर शेष राशि कोलकाता के सुमोन दा उर्फ राजू को भेजता है। गौरतलब हो कि लालपुर थाना क्षेत्र के वर्द्धमान कंपाउंड में स्थित ओम गर्ल्स हॉस्टल में सेक्स रैकेट चलने की खबर पर पुलिस की टीम ने रविवार को छापेमारी कर 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने देह व्यापार कराने वाले मोजेबुल व वीणा को भी पकड़ा था। लालपुर थानेदार रूपेश कुमार ने बताया कि 20 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। शेष सात लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

मोजेबुल और वीणा पूरी साजिश के साथ देह व्यापार का धंधा चला रहा था। इसके लिए दोनों ने एजेंट भी रखे थे। कचहरी चौक सनराइज होटल के मैनेजर रंजीत के अलावा मुनीर, रवि, राहुल और राजन को एजेंट के रूप में रखा था। सभी आरोपी मोजेबुल से संपर्क करते थे। इसके बाद मोजेबुल उन्हें लड़कियां उपलब्ध कराता था।

छानबीन में पुलिस को पता चला कि मोजेबुल रहमान ने ही पश्चिम बंगाल से लायी लड़कियों को हॉस्टल में रखने की व्यवस्था की थी। इन लड़कियों को बिना कागजात के ही हॉस्टल में रखा गया था। पूछताछ में देह व्यापार चलाने वाला मो मोजेबुल ने पुलिस को बताया कि ग्राहकों को लड़की भेजकर उन्हें कमीशन मिलता है। बताया कि हॉस्टल संचालक रवि कुमार सिंह को चार सौ रुपए प्रत्येक लड़की को रखने का हर दिन का किराया दिया जाता है।

लड़कियों की निशानदेही पर लालपुर पुलिस की टीम ने देह व्यापार कराने वाले मोजेबुल और वीणा को पकड़ा है, जिससे पूछताछ कर रही। 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शेष सात लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

**इनके खिलाफ केस दर्ज**

मो मोजेबुल रहमान, राज कुमार सिंह, सुमोन दा उर्फ राजू, रंजीत, मुनीर, रवि, राहुल, राजन के अलावा 13 लड़कियों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस को पूछताछ में मोजेबुल रहमान ने यह भी जानकारी दी कि हॉस्टल संचालक को देह व्यापार में लड़कियों के शामिल होने की पूरी जानकारी थी।

1. मुख्य आरोपी मो मोजेबुल रहमान और वीणा देवी, जो देह व्यापार कराता था
2. पश्चिम बंगाल से सुमोन दा उर्फ राजू नाम का व्यक्ति देह व्यापार के लिए लड़कियां रांची भेजता था
3. हॉस्टल संचालक रवि सिंह को चार सौ रुपए प्रत्येक लड़की रखने का हर दिन का किराया दिया जाता था।
4. लड़कियों को ग्राहकों के अनुसार होटल और उनके घरों में भेजा जाता था
5. ग्राहक से प्राप्त राशि में 50 प्रतिशत कमीशन रखकर शेष राशि कोलकाता के सुमोन दा उर्फ राजू को भेजा जाता था

# एलआईसी के ब्रांच मैनेजर ने निपु सिंह व मितू पासी टीम को किया सम्मानित




मेट्रो रेज

**रांचीः** एलआईसी शाखा एक में विश्व मिलियन रिकॉर्ड में योगदान देने वाले निपु सिंह सहित डीओ मितू पासी टीम को शाखा प्रबंधक परशुराम दास ने प्रमाण पत्र देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।

आपको बताते चले कि 20 जनवरी 2025 को ऐतिहासिक दिवस के दिन पूरे देश में पांच लाख अठासी हजार एक सौ सात पॉलिसी 24 घंटे के अंदर कर के विश्व रिकॉर्ड एलआईसी ने बनाया था उसमें मितू पासी के टीम का बहुत बड़ा योगदान रहा। इस ऐतिहासिक दिवस पर डीओ मितू पासी ने कहा कि हमारी टीम आगे भी एलआईसी को सहयोग करते रहेगा और आगे इससे भी बेहतर प्रयास करेगा। इस मौके पर एलआईसी जगत में अपना देश में नाम रोशन करने वाले मीना शर्मा सहित निपु सिंह, संजय प्रसाद, ब्रजकिशोर राणा, जयपाल नारायण, देवनाथ काशी, सीमा कुमारी, प्रदीप चक्रवर्ती, मधुमिता कुमारी और प्रियंका तिर्की इत्यादि ने अपना योगदान दिया ।

# रांची में अपराधी बैखौफ, अगवा कर ले गये एटीएम ,जबरन निकलवाया पैसा

संवाददाता



**रांचीः** राजधानी रांची में अपराधियों को मनोबल बढ़ा हुआ है। रांची में कार से आए पांच अपराधियों ने 55 साल के व्यक्ति को अगवा किया। एटीएम ले जाकर पैसे निकाले। मोबाइल छीनने के बाद छोड़ दिया।

शहर के हवाई नगर रोड़ नंबर-2 में रहने वाले पीड़ित कपिलदेव पंडित ने इस संबंध में जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि 7 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे डीपीएस स्कूल के पास पुल से वे गुजर रहे थे। उसी दौरान एक कार से पांच लोग आए। उन्हें जबरन अगवा कर लिया। इसके बाद उनके साथ मारपीट की। फिर उन्हें एक एटीएम ले गए। वहां 5000 रुपए निकलवाए, फिर उनका मोबाइल, उनके पास नकद 3400 रुपये थे उसी भी ले लिया। तीन घंटे के बाद 3.45 बजे हटिया में जेबीपीएनएल कार्यालय के पास कार से उतार कर भाग गए। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# छात्राओं के बीच बांटा सेनेटरी नैपकिन , दिया स्वच्छता का संदेश

मेट्रो रेज



**रांचीः** शहर की जानी-मानी समाजसेविका व जेसीआई रांची उड़ान की पूर्व प्रेजिडेंट ट्विंकल छावनिका ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी (एचआई 67 के निकट) स्थित कल्याण एवं विकास समिति सामुदायिक भवन परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच अपने घर में बनाए हुए व्यंजन बांटे।

वहीं, छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया। मौके पर श्रीमती छावनिका ने बच्चों को अपने घर,स्कूल व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है, इसलिए अपने शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर समाजसेविका सरिता अग्रवाल, ललन कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।

# बदला मौसम का मिजाज, मानसून पड़ा कमजोर, अधिकतम तापमान में इजाफा

संवाददाता



**रांचीः** झारखंड में मानसून अब कमजोर पड़ गया है। राजधानी में पिछले तीन दिनों से धूप के साथ बादल की आंख मिचौनी चल रही है। इसकी वजह से अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ है। उमस भी बढ़ी है। लेकिन बारिश से राहत मिल गई है। पिछले 24 घंटे में पाकुड़ में सबसे ज्यादा तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। जबकि लातेहार में सबसे कम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा है।

राज्य के प्रमुख शहरों में राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। जमशेदपुर में 33 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 31.3 डिग्री, डाल्टनगंज में 34.4 डिग्री, चाईबासा में 34.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है। न्यूनतम तापमान के मामले में लातेहार के बाद सबसे कम 22.6 डिग्री सेल्सियस पारा रांची का रहा है। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक 9 सितंबर से आने वाले कुछ दिनों तक पूरे राज्य में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। 9 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से पहले पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा जिला के कुछ भागों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30, 40 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

# गला घोंटकर दो महिलाओं की हत्या, फैली सनसनी

संवाददाता

**गिरिडीहः** जिले से एक सनसनीखेज वारदात की खबर सामने आ रही है, जहां दो महिलाओं की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया गया। वहीं इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना जिले के निमाडीह पंचायत के चरकी गांवा की है। मृतक महिलाओं की पहचान रिंकू देवी और सोनी देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महिलाएं चार दिनों से लापता थी। परिवार द्वारा बहुत खोजबीन करने पर भी उनका कुछ पता नहीं लग सका। जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस दोनों महिलाओं को खोजने में जुट गई। वहीं सोमवार रात पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव जंगल से बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने भी हत्या की बात कबूली है। साथ ही आरोपी ने बताया कि मृतिका सोनी देवी के साथ उसका प्रेम संबंध था। उसने ही दोनों महिलाओं की गला घोंट कर हत्या कर शव जंगल में फेंक दिए। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोमवार रात दोनों शव जंगल से बरामद कर लिए थे। फिलहाल पुलिस घटना की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

# देवघर उपायुक्त ने सुबोधकांत सहाय का किया अभिनंदन

मेट्रो रेज



**रांची/देवघरः** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के देवघर प्रवास के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सर्किट हाउस में औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने श्री सहाय को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इसके पूर्व श्री सहाय ने देवघर स्थित विश्वविख्यात बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# मैं डरने वाला नहीं हूं , लगातार मिल रही धमकियों पर बोले इरफान अंसारी



**रांचीः** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि लगातार मिल रही धमकियों से मैं जरा भी डरने वाला नहीं हूं और न कोई मुझे जनता से दूर कर सकता है और न ही मेरी आवाज दबा सकता है। डॉ अंसारी ने कहा कि कल रात उत्तर प्रदेश से आए एक कॉल पर मुझे साफ शब्दों में कहा गया कि तुम्हें भी मिटा देंगे। मैं पूछता हूं कि मुझे जान से मारकर क्या मिलेगा? मैं तो जनता की सेवा के लिए बना हूं और सेवा ही करता रहूंगा। डॉ अंसारी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग दिन-रात मेरे पीछे पड़े रहते हैं, सिर्फ इसलिए कि मैं एक मुसलमान मंत्री हूं और ईमानदारी से काम करता हूं। यह उनकी छोटी मानसिकता और चरित्र को उजागर करता है, लेकिन मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मेरी लड़ाई भाजपा से विचारधारा की है, नफरत से नहीं। डॉ अंसारी ने कहा कि आज स्वास्थ्य विभाग में जो व्यापक सुधार दिख रहा है, वह मेरे काम का नतीजा है। यह काम भाजपा वालों को पच नहीं रहा, लेकिन सच यही है कि मैं काम करता आया हूं और काम करता रहूंगा। डॉ अंसारी ने कहा कि धमकियों और नफरत की राजनीति से न मैं डरा हूं और न ही कभी डरूंगा। रोक सको तो रोक लो, क्योंकि मेरा मकसद सिर्फ और सिर्फ जनता की सेवा है।

रांची वासियों को जल्द मिलेगा 3 फ्लाईओवर का तोहफा

# यातायात होगा सुगम, मिलेगी जाम से निजात

संवाददाता




**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित रांची शहर के तीन महत्वपूर्ण फ्लाईओवर के कार्य योजना एवं इसके डिजाइन से संबंधित प्रेजेंटेशन पर पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया।

**हरमू फ्लाईओवर को रातु रोड फ्लाईओवर से जोड़ने के निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाईओवर परियोजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन देखा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हरमू फ्लाईओवर का निर्माण ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरमू बाईपास रोड पर अक्सर लगने वाले जाम से लोगों को काफी परेशानी होती है। इस फ्लाईओवर के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फ्लाईओवर को रातू रोड फ्लाईओवर से जोड़ें ताकि आमजनमानस को आवागमन में सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह जानकारी दी कि प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाईओवर परियोजना का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है।

**मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर परियोजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन देखा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ एवं करम टोली चौक से साइंस सिटी तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण परियोजना से संबंधित प्रेजेंटेशन की विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की एवं इन फ्लाईओवर की महत्ता को देखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जल्द उक्त फ्लाईओवर निर्माण के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए डीपीआर तैयार की जाए तथा इस परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रतर कार्यवाही करें।

**मुख्यमंत्री ने अरगोड़ा चौक के ऊपर गोल चक्कर बनाने का दिया निर्देश**

मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित फ्लाईओवर अरगोड़ा चौक के ऊपर गोलचक्कर (रोटरी) बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरगोड़ा चौक में गोलचक्कर निर्माण से कई महत्वपूर्ण सड़कें आपस में कनेक्ट हो जाएगी जिससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने करम टोली चौक से साइंस सिटी तक एलिवेटेड फ्लाईओवर (4 लेन) परियोजना का प्रेजेंटेशन देखा।इस फ्लाईओवर निर्माण तथा प्रस्तावित डॉक्टर्स कॉलोनी से हिल व्यू बरियातू रोड तक सड़क निर्माण योजना पर भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित उक्त सभी फ्लाईओवर निर्माण कार्य परियोजना एवं इससे जुड़ी डिजाइन में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर इन परियोजनाओं को मूर्त रूप देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, अतएव सभी कार्य पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ किए जाएं। इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग प्रवीण भेंगरा, मुख्य अभियंता विजय रंजन एवं कंसल्टेंट कंपनी स्पर्श इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के सुधीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांकः 1907 खूँटी, दिनांकः 08.09.2025

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय रामनवमी महासमिति, खूँटी एवं अखिल भारतीय सरना समाज, खूँटी से प्राप्त आवेदन के आलोक में कार्यालय अंचल, अधिकारी सदर, खूँटी के पत्रांक 1066, दिनांक 31.07.2025 द्वारा मौजा– हुटुबदाग, खाता सं0–12, प्लॉट सं0 52, रकबा– 6.45 एकड़ जंगल साकु आश्रम टांड़ में सामुदायिक अधिकारों के लिए दावा प्रारुप से संबंधित दिनांक 11.09.2025 समय पूर्वाह्न 11:30 बजे नगर भवन, खूँटी में एक आम ग्राम–सभा आहूत किया गया है। उक्त सभा में उपस्थित होना अनिवार्य है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 361346 Urban Development(25-26).D

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**

सदर अस्पताल परिसर, राँची, email id – csofficeranchi@yahoo.com

**Tender No. : 4505 Date 6-9-2025**

**अति अल्पकालीन निविदा**

सदर अस्पताल राँची, एवं अन्य संस्थानों के लिए मेमोग्राफी इकाई का लीड कोटिंग,प्लास्टिक सर्जरी वार्ड एवं अन्य दवादि सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म/स्थानीय दुकानदारों से दिनांक 16.9.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि तक निविदा हाथो–हाथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन / संबंधित नियम/शर्त आदि website www.sadarhospital.org पर दिनांक 8.9.2025 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का सूची परिवर्तन/परिवर्तन /शुद्धि पत्र website www.sadarhospital.org पर ही देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
राँची।

PR.NO.361351 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## उपराष्ट्रपति का चुनाव

**आज** देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव है। संविधान के दूसरे सर्वोच्च पद का चुनाव आम सहमति से, निर्विरोध होना चाहिए, लेकिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का चुनाव निर्विरोध किया गया। वह 1952 और 1957 में देश के उपराष्ट्रपति चुने गए। यही नहीं, मई, 1962 से 1967 तक वह राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर भी रहे। वैसे 1979 में हिदायतुल्लाह और 1987 में शंकर दयाल शर्मा भी निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुने गए थे। बहरहाल राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक और सेनाओं के सुप्रीम कमांडर भी होते हैं। केंद्र सरकार राष्ट्रपति के नाम पर ही काम करती है, लिहाजा ऐसे पद पर निर्विरोध चुनाव की सहमति क्यों नहीं बन पाती, हम इस सवाल पर हैरान भी हैं और क्षुब्ध भी हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम देश के ऐसे राष्ट्रपति रहे, जिनके दूसरे कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति बनाने के प्रयास किए गए, लेकिन नाकाम रहे। हालांकि देश के मिसाइल मैन , परमाणु परीक्षणों के एक सूत्रधार रहे और भारत-रत्न के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत होने के बावजूद एपीजे को राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी बहुमत हासिल करना पड़ा था। मौजूदा उपराष्ट्रपति पद के लिए भी निर्विरोध चयन की कोशिशें मोदी सरकार ने की थीं। विपक्ष अच्छी तरह जानता था और अब भी स्पष्ट है कि लोकसभा और राज्यसभा के कुल सांसदों की गिनती सत्तारूढ़ भाजपा-एनडीए के पक्ष में है, फिर भी निर्विरोध चुनाव की कोशिशें खारिज कर दी गईं। विपक्ष चुनाव लड़ने को ही लोकतंत्र मानता है। यह मिथ्या अवधारणा है। लोकसभा स्पीकर का चुनाव बहुधा सर्वसम्मति से ही होता रहा है। आंकड़े तब भी सत्ता पक्ष के पाले में ही होते हैं। इस बार की लोकसभा में विपक्ष को करीब 236 सांसदों का समर्थन हासिल है। सामान्य बहुमत (272 सांसद) किसी भी पक्ष में नहीं है। भाजपा 240 सांसदों के साथ सदन में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी, लेकिन एनडीए के कुल सांसदों की संख्या 293 है, लिहाजा सरकार एनडीए की बनी। यदि स्पीकर पर आम सहमति बन सकती है, तो राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पदों के लिए ऐसा समविचारक निर्णय क्यों नहीं किया जा सकता? सरकार और विपक्ष को अब भी व्यापक मंथन करना चाहिए। बहरहाल कुछ अप्रत्याशित और अनपेक्षित नहीं हुआ, तो एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति चुनाव जीतना तय है। उनके पक्ष में लोकसभा में एनडीए के 299 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 140 सांसद हैं।

राधाकृष्णन के पक्ष में कुल 439 सांसदों का समर्थन दिखता है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में कुल 324 सांसदों का समर्थन लगता है। विपक्ष के लोकसभा में 236 और राज्यसभा में 91 सांसद हैं। बीजद के 7, बीआरएस के 4, अकाली, जद-एस, वीओटीटीपी के 1-1 सांसद और 3 निर्दलीय सांसदों का समर्थन फिलहाल अनिश्चित और अघोषित है। आंध्रप्रदेश के वाईएसआर कांग्रेस ने एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है। इस चुनाव में राजनीतिक दल कोई भी व्हिप जारी नहीं कर सकते। सांसद अपने विवेक पर मतदान करते हैं, लिहाजा कई बार पालाबदल भी होता रहा है। डॉ. राधाकृष्णन और हामिद अंसारी ही ऐसे नेता रहे हैं, जो लगातार दो बार उपराष्ट्रपति चुने गए। दो महिला नेताओं- नजमा हेपतुल्ला और मार्गरेट अल्वा- को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जरूर बनाया गया, लेकिन वे चुनाव हार गईं। बहरहाल उपराष्ट्रपति का पद बेहद महत्वपूर्ण होता है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं और राष्ट्रपति की छाया भी होते हैं। अपरिहार्य स्थितियों में वह कार्यवाहक राष्ट्रपति के दायित्व भी संभालते हैं, लिहाजा उनकी विचारधारा और सोच देश के सामने आनी चाहिए। हालांकि उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता भी अपने दलों और गठबंधनों वाली ही होती है, लेकिन देश की प्रगति और विकासोन्मुख मुद्दों और स्थितियों पर वे कमोबेश बात कर सकते हैं। बेशक उपराष्ट्रपति को तटस्थ ईकाई माना जाता है, लेकिन सदन में उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट हो जाती है। फिर भी वे तटस्थ और ईमानदार होने का प्रयास करते हैं। जिन अस्पष्ट स्थितियों में, अचानक ही, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को इस्तीफा देकर जाना पड़ा और आज तक उनका एक भी बयान सार्वजनिक नहीं हुआ है, कमोबेश देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक शख्स के साथ ऐसी राजनीति नहीं खेली जानी चाहिए। बहरहाल, स्पीकर-डिप्टी स्पीकर से निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है।

## मां बनेगा चुनावी मुद्दा?

**2007 में** गुजरात विधानसभा चुनाव होने थे। 2002 के गोधरा कांड और सांप्रदायिक दंगों के लहूलुहान वाला दौर सतही तौर पर शांत हो चुका था। नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। उन पर दंगों और हत्याकांड के परोक्ष आरोप थे और विभिन्न आयोग जांच कर रहे थे। योगेंद्र यादव सरीखे प्रख्यात चुनाव पंडित ने भाजपा की पराजय के विश्लेषण किए थे। उस दौर में मोदी को ह्यमौत का सौदागरह्ल बोल दिया गया। उनके लिए जहर की खेती सरीखे शब्द भी कहे गए। उन पर खून की दलाली जैसे शब्द भी चस्पां किए गए। मुख्यमंत्री मोदी ने उन अपशब्दों को 5-6 करोड़ गुजरातियों के अपमान से जोड़ दिया। शेष मुद्दे नेपथ्य में चले गए। गुजरातियों का मान-सम्मान चुनावी मुद्दा बन गया। भाजपा को शानदार जनादेश हासिल हुआ। उसी तरह बिहार में भी चुनावी हवा बदल न जाए, हमें आशंका होती है। बिहार में राजद-कांग्रेस-वामदल की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हुई और प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी दिवंगत मां को दी गई गाली का मुद्दा उठा दिया। बेशक विपक्ष के मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई थी। वाकई गाली, अपशब्द नहीं, भद्दी गाली दी गई गयी, जिसे नैतिकता और मयार्दा के मद्देनजर हम लिख भी नहीं सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-मेरी 100 वर्षीय मां अब इस दुनिया में नहीं है। वह मुझे छोड़ कर जा चुकी है। मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। मां ने गरीबी के बीच ही हमें पाला-पोसा और मां भारती की सेवा के संस्कार दिए। उस मां को भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। यह बिहार ही नहीं, देश की करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का अपमान है। भले ही मैं व्यक्तिगत रूप से गाली देने वालों को माफ कर दूं, लेकिन छठ मैया को पूजने वाले बिहार के लोग उन्हें क्षमा नहीं करेंगे। यकीनन प्रधानमंत्री के कथन के भाव यही थे, कुछ शब्दों का अंतर हो सकता है। किसी की भी मां को गाली देना पाप है, अक्षम्य अपराध है और उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री का मानना सही है कि मां का स्थान देवी-देवताओं से भी ऊपर है। वह जननी है। हमने ईश्वर को तो नहीं देखा, लेकिन ईश्वर के प्राणियों की जननी को देखा है, लिहाजा मां में ईश्वर का प्रतिरूप अनुभव किया जा सकता है। विडंबना यह है कि विपक्ष के प्रवक्ता और कुछ छुटभैया नेता गाली को भी न्यायोचित करार देने में जुटे हैं। यह राजनीतिक कुंठा और हताशा है। कुछ हद तक नफरत भी है। हालांकि लोकतंत्र में ऐसे भाव की राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। कमोबेश ऐसी सोच पर निर्णायक जनादेश नहीं मिला करते। हम स्वीकार करते हैं कि प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी ने भी 2014 के चुनाव में जर्सी गाय , 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड , कांग्रेस की विधवा आदि अपशब्दों का प्रयोग किया था। हालांकि ये प्रतीकात्मक शब्द थे। प्रत्यक्ष रूप से गलीनुमा गाली नहीं दी गई थी। मोदी इन अपशब्दों से भी बचे और बाद के चुनावों में इन्हें नहीं दोहराया। विशेषण, रूपक और भद्दी गाली में आकाश-पाताल का अंतर होता है।

# वृद्धावस्था की ओर बढ़ता भारत

> महापंजीयक की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इसी अवधि में देश की कुल प्रजनन दर 1971 के 5.2 से घटकर 2023 में 1.9 रह गई है। एसआरएस ने इस रिपोर्ट में लगभग 88 लाख की नमूना जनसंख्या को दर्ज किया है। इस कारण यह विश्व के सबसे बड़े जनसांख्यिकी सर्वेक्षणों में से एक है। इसी 2018 के सर्वेक्षण में एक मां के उसके अपने जीवन काल में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.2 आंकी गई थी। अब 2023 के सर्वेक्षण में 1.9 रह गई है। इस दर में गिरावट के चलते वह दिन दूर नहीं, जब देश में कुल प्रजनन दर और नीचे चली जाएगी। इस विषय के जानकार लोगों का मानना है कि यदि भारत ने यह आंकड़ा छू लिया तो जनसंख्या स्थिर हो जाएगी और फिर कुछ वर्षों में घटने लगेगी।

**प्रमोद भार्गव**

**प्रकृतिजन्य** जैविक घटना के अनुसार एक संतुलित समाज में बच्चों, किशोरों, युवाओं, प्रौढ़ों और बुजुर्गों की संख्या को एक निश्चित अनुपात में होना चाहिए। अन्यथा यदि कोई एक आयु समूह की संख्या में गैर आनुपातिक ढंग से वृद्धि दर्ज हो जाती है तो यह वृद्धि उस संतुलन को नष्ट कर देगी, जो मानव समाज के विकास का प्राकृतिक आधार बनता है। भारत में जिस तेजी से बुजुर्गों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है, वह आर्थिक व स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से तो संकट पैदा कर ही रही है, देश का भविष्य माने जाने वाले युवाओं के हित का एक बड़ा हिस्सा भी बुजुर्गों पर न्योछावर किया जा रहा है। संतुलित मानव विकास के लिए यह दुरभिसंधि घातक है। भारतीय आबादी के सिलसिले में नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) की सांख्यिकीय रिपोर्ट-2023 ने देश में आबादी घटने के भयावह संकेत दिए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में कामकाजी आयुवर्ग (15-59 वर्ष) की जनसंख्या का अनुपात बढ़ रहा है, जबकि 0 से 14 आयुवर्ग की आबादी में लगातार गिरावट देखी जा रही है। यही नहीं, प्रजनन दर में कमी दर्ज की गई है। रपट के अनुसार वर्ष 1971 से 1981 के बीच 0-14 आयुवर्ग की हिस्सेदारी 41.2 फीसदी से घटकर 38.1 फीसदी रह गई है। जबकि 1991 से 2023 के बीच यह आंकड़ा 36.3 प्रतिशत से गिरकर 24.2 प्रतिशत रह गया है। महापंजीयक की ओर से जारी इस रिपोर्ट से पता चलता है कि इसी अवधि में देश की कुल प्रजनन दर 1971 के 5.2 से घटकर 2023 में 1.9 रह गई है। एसआरएस ने इस रिपोर्ट में लगभग 88 लाख की नमूना जनसंख्या को दर्ज किया है। इस कारण यह विश्व के सबसे बड़े जनसांख्यिकी सर्वेक्षणों में से एक है। इसी 2018 के सर्वेक्षण में एक मां के उसके अपने जीवन काल में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.2 आंकी गई थी। अब 2023 के सर्वेक्षण में 1.9 रह गई है। इस दर में गिरावट के चलते वह दिन दूर नहीं, जब देश में कुल प्रजनन दर और नीचे चली जाएगी। इस विषय के जानकार लोगों का मानना है कि यदि भारत ने यह आंकड़ा छू लिया तो जनसंख्या स्थिर हो जाएगी और फिर कुछ वर्षों में घटने लगेगी। बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात के कारण भी यह स्थिति बनेगी। ये हालात सामाजिक विकृतियों को बढ़ावा देने वाले साबित हो सकते हैं। ऐसे में विवाह की उम्र बढ़ाने की जो चर्चा चल रही है, वह निकट भविष्य में बड़ी समस्या पैदा कर सकती है। रपट के आंकड़े बताते हैं कि देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 0-14 आयुवर्ग में लडकों की संख्या लड़कियों से अधिक है, केवल दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों को छोडकर, यहां लड़कियों का अनुपात अधिक है। एसआरएस की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे जन्म के समय लिंगानुपात के हैं। जैविक तौर पर जन्म के समय सामान्य लिंगानुपात प्रति एक हजार बालिकाओं पर 1050 बालकों का रहता है या प्रति एक हजार बालकों पर 950 बालिकाओं का। बिगड़ा यह लिंगानुपात विवाह व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर डालता है। बिगड़ते लिंगानुपात के चलते इस स्थिति में सुधार के लिए सरकारी हस्तक्षेप जरूरी है। भारत इस अनुपात को सुधार सकता है, क्योंकि उसके पास 15 से 49 वर्ष के प्रजनन योग्य आयु वर्ग के लोगों का बड़ा समूह है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु विवाह की आयु घटाने के साथ अवैध संतान को वैधानिकता देना कानूनी रूप से अनिवार्य करना होगा। साथ ही लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण को कोख में ही नष्ट करने के उपाय सख्ती से बंद करने होंगे। इस हेतु आर्थिक समानता के उपायों के साथ युवाओं को प्रजनन, स्वास्थ्य शिक्षा और लैंगिक समानता के मूल्यों को प्रोत्साहित करना होगा। अकसर भारत या अन्य देशों में बढ़ती आबादी की चिंता की जाती है। लेकिन अब भारत में कुछ धार्मिक समुदायों और जातीय समूहों में जनसंख्या तेजी से घटने के संकेत मिल रहे हैं। भारत में जहां आधुनिक विकास व विस्थापन के चलते पारसी जैसे धार्मिक समुदाय और आदिवासी प्रजातियों में आबादी घट रही है, वहीं उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रचलन में आ जाने से एक बड़ा आर्थिक रूप से सक्षम समुदाय कम बच्चे पैदा कर रहा है। एक राष्ट्र के स्तर पर कोई देश विकसित हो या अविकसित हो अथवा विकासशील, जनसंख्या के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष एक प्रकार की सामाजिक व वैज्ञानिक सोच का प्रगटीकरण करते हैं। अपने वास्तविक स्वरूप में जनसंख्या में बदलाव एक जैविक घटना होने के साथ-साथ समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक आधारों को प्रभावित करने का कारण बनती है। इसलिए भारत में जब पांच अल्पसंख्यक समुदायों में से एक पारसियों की आबादी घटती है तो उनकी आबादी बढ़ाने के लिए भारत सरकार मजबूर हो जाती है। दूसरी तरफ मुस्लिमों को छोड़ अन्य धार्मिक समुदायों की जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के कठोर उपाय किए जाते हैं। यह विरोधाभासी पहलू मुस्लिम समुदाय की आबादी तो बढ़ा रहा है, लेकिन अन्य धार्मिक समुदायों की आबादी घट रही है। इसीलिए जनसंख्या वृद्धि दर पर अंकुश लगाने के लिए एक समान नीति को कानूनी रूप दिए जाने की मांग कई समुदाय कर रहे हैं। हालांकि यह कानून बनाया जाना आसान नहीं है। क्योंकि जब भी इस कानून के प्रारूप को संसद के पटल पर रखा जाएगा तब इसे कथित बुद्धिजीवी और उदारवादी धार्मिक रंग देने की पुरजोर कोशिश में लग जाएंगे।

बावजूद देश हित में इस कानून को लाया जाना जरूरी है, जिससे प्रत्येक भारतीय नागरिक को आजीविका के उपाय हासिल करने में कठिनाई न हो। आमतौर से जनसंख्या नियंत्रण के दृष्टिगत चीन को परिवार नियोजन संबंधी नीतियों को आदर्श रूप में देखा जाकर उनका विस्तार भारत में किए जाने की मांग उठती रहती है। चीन में आबादी को काबू के लिए 1979 में एक परिवार एक बच्चा नीति अपनाई गई थी। लेकिन यह गलतफहमी है कि चीन में आबादी इस नीति से काबू में आई। जबकि सच्चाई यह है कि 1949-50 में चीन में सांस्कृतिक क्रांति के जरिए जो सामाजिक बदलाव का दौर चला, उसके चलते वहां 1975 तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार आम आदमी की पहुंच में आ गया था। साम्यवादी दलों के कार्यकर्ताओं ने भी वहां गांव-गांव पहुंचकर उत्पादक समन्वयक की हैसियत से काम किया और प्रशासन से जरूरतों की आपूर्ति कराई। नतीजतन वहां आजादी के 25-30 साल के भीतर ही राष्ट्रीय विकास के लिए कम आबादी जरूरी है, यह वातावरण निर्मित हो चुका था। ह्यएक परिवार, एक बच्चा नीति चीन में कालांतर में विनाशकारी साबित हुई। इस नीति पर कड़ाई से अमल का हश्र यह हुआ कि आज चीन में अनेक ऐसे वंश हैं, जिनके बूढ़े व असमर्थ हो चुके मां-बाप के अलावा न तो कोई उत्तराधिकारी है और न ही कोई सगा संबंधी है। जबकि इस नीति को लागू करने से पहले चीन में एक लडके पर औसत ग्यारह लड़कियां थीं।

# जीएसटी से राहत और आर्थिक रफ्तार

> अगर नई जीएसटी दरों से खपत बढ़ती है, तो अतिरिक्त 52000 करोड़ रुपए का फायदा भी होगा, जिसमें से 26000 करोड़ केंद्र को और 26000 करोड़ राज्यों को मिलेगा। इसका मतलब है कि नए वित्तीय वर्ष में भी राज्यों की आमदनी मजबूत रहेगी। जीएसटी का सिस्टम ऐसा है कि राज्यों की आमदनी थोड़े समय के लिए कम होने पर भी उन्हें नुकसान नहीं होता। चाहे जीएसटी दरें बदलें या मुआवजा शुल्क बंद हो जाए, राज्यों के पैसे सुरक्षित रहते हैं। संविधान की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि कर सुधार के दौरान भी राज्यों के खजाने और हित सुरक्षित रहें। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 और 2019 में जब जीएसटी की दरों में बदलाव किया गया था, तो शुरू में राजस्व में थोड़ी गिरावट (3-4 फीसदी) आई। लेकिन कुछ ही महीनों में राजस्व फिर से बढ़ने लगा।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**हाल** ही में 3 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 56वीं बैठक में महंगाई से आम आदमी को राहत देने, ट्रंप टैरिफ से जूझ रहे उद्योग-कारोबार को गति देने और देश की आर्थिक रफ्तार बढ़ाने के मद्देनजर जीएसटी ढांचे और जीएसटी दरों में आमूल सुधार करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में दिवाली से पहले उपहार के रूप में जीएसटी के नए राहतकारी सुधारों का ऐलान किया गया था। अब जीएसटी परिषद ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर मुहर लगा दी है। इस अहम कर सुधार पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीएसटी में बदलाव के फैसलों से आम जनता, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है। ये व्यापक सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और खास तौर से छोटे व्यापारियों और कारोबारों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। खास बात यह है कि जीएसटी की नई दर व्यवस्था 22 सितंबर, नवरात्र के पहले दिन से लागू होगी। जीएसटी सुधारों का देश के शेयर बाजार ने स्वागत किया है। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2017 से देशभर में लागू जीएसटी पर जीएसटी परिषद ने विगत वर्षों में व्यापक मूल्यांकन और विश्लेषण के बाद जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप को मंजूरी दी है। जीएसटी परिषद ने मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को मंजूरी दी है। हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी कर स्लैब लागू होगा। अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एकए स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें 7 दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 फीसदी जीएसटी वाली लगभग 99 फीसदी वस्तुएं अब पांच फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी। जबकि 28 फीसदी टैक्स वाली लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी। इसके अलावा रोटी, परांठे, कैंसर समेत 33 जीवन रक्षक दवाओं पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पूरी तरह से जीएसटी मुक्त हो गए हैं। अभी इन पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। सभी ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी 18 फीसदी होगा। सीमेंट और तिपहिया वाहनों पर यह अब 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गया है। इससे अब घर बनाना भी सस्ता हो जाएगा। निश्चित रूप से नए बदलाव से आम आदमी से लेकर किसान और छोटे उद्योगों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। निश्चित रूप से जीएसटी की दरों के नए बदलाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में राज्यों की आमदनी बढ? की संभावना है। एसबीआई रिसर्च की जीएसटी 2.0 रिपोर्ट के मुताबिक, एसजीएसटी और केंद्र से ट्रांसफर होने वाली रकम के जरिए राज्यों को लगभग 14 लाख करोड़ रुपए मिल सकते हैं। जीएसटी में मिलने वाले रेवेन्यू का आधा हिस्सा सीधे केंद्र सरकार और आधा हिस्सा राज्यों को मिलता है। इसके अलावा, केंद्र के हिस्से का लगभग 41 फीसदी भी राज्यों को वापस मिलता है। अगर नई जीएसटी दरों से खपत बढ़ती है, तो अतिरिक्त 52000 करोड़ रुपए का फायदा भी होगा, जिसमें से 26000 करोड़ केंद्र को और 26000 करोड़ राज्यों को मिलेगा। इसका मतलब है कि नए वित्तीय वर्ष में भी राज्यों की आमदनी मजबूत रहेगी। जीएसटी का सिस्टम ऐसा है कि राज्यों की आमदनी थोड़े समय के लिए कम होने पर भी उन्हें नुकसान नहीं होता। चाहे जीएसटी दरें बदलें या मुआवजा शुल्क बंद हो जाए, राज्यों के पैसे सुरक्षित रहते हैं। संविधान की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि कर सुधार के दौरान भी राज्यों के खजाने और हित सुरक्षित रहें। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 और 2019 में जब जीएसटी की दरों में बदलाव किया गया था, तो शुरू में राजस्व में थोड़ी गिरावट (3-4 फीसदी) आई। लेकिन कुछ ही महीनों में राजस्व फिर से बढ़ने लगा। इसका मतलब है कि दरों में बदलाव केवल थोड़े समय के लिए असर डालता है, बल्कि लंबे समय में जीएसटी सिस्टम को सरल और असरदार बनाता है। इससे व्यवसायों पर टैक्स भरने का बोझ कम होता है और सरकार को ज्यादा टैक्स मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी के सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 47000 करोड रुपए के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं, जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की ईज ऑफ डूइंग रैंकिंग भी सुधरेगी।

# आध्यात्मिक ज्ञान

## चिंतन-मनन

**श्रीश्री रवि शंकर**

**जीवन** केवल पदार्थ ही नहीं बल्कि इससे कहीं अधिक है। मानवीय जीवन पदार्थ व चेतना दोनों का संयोजन है। यदि मानव केवल पदार्थ होता, तो आराम की आवश्यकता ही नहीं थी। क्योंकि पदार्थ को आराम, बेचैनी, सुंदरता, बदसूरती, खुशी व दुख का एहसास नहीं होता। ऐसा तो केवल उन्हें ही हो सकता है जिनमें चेतना विद्यमान है। परंतु जीवन केवल चेतना ही नहीं है। क्योंकि यदि ऐसा होता तो हमें पानी, भोजन व आराम की आवश्यकता ही महसूस न होती। चेतना अनुभव करती है व स्वयं को मूल्यों द्वारा अभिव्यक्त भी करती है। मूल्य वे भावनाएं हैं जिन्हें न तो शब्दों द्वारा व्यक्त किया जा सकता है और न ही बुद्धि द्वारा समझा जा सकता है। आध्यात्मिक पथ का उद्देश्य ऐसा मूल्य आधारित जीवन जीना है, जो हमारी चेतना में विद्यमान हैं। इसलिए जीवन को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझना व पूर्णतया जीवन को जीना अति आवश्यक है। अब सवाल यह उठता है कि वे मूल्य कौन से हैं। शांति, प्रेम, आनंद, सुंदरता, ज्ञान और पदार्थ व चेतना को समझने की क्षमता ऐसे मूल्य हैं, जो जीवन को आनंदमयी बनाते हैं। इस धरा पर इनसान का कोई भी कार्य करने के पीछे उद्देश्य केवल खुशी व आराम ही होते हैं। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि सुविधा केवल भौतिक प्रगति अर्थात पदार्थ के द्वारा ही संभव है। पर वास्तव में सुविधा तो आत्मा की विशेषता है। हां, कुछ हद तक यह पदार्थ पर भी निर्भर करता है पर अधिकतर यह मनोभाव व समझ पर निर्भर करता है। आप सुनते हैं, समझते हैं और अपनाते हैं। पर कौन समझ रहा है और कौन अपना रहा है। यह आपके शरीर में विद्यमान चेतना अर्थात आत्मा ही है जो कि ज्ञान का अनुभव कर रही है, वह इसे अपना रही है। यह जानकारी आपको देखने, आवाज, सूंघने, स्वाद व स्पर्श से नहीं मिल रही बल्कि यह तो आपको अंतर्बोध से ही प्राप्त होती है। आप यह भी कह सकते हैं कि चेतना के हर स्तर पर जानकारी विद्यमान है। चेतना है पर उसे सीमितता के दायरे में नहीं बांधा जा सकता। आप चेतना को माप नहीं सकते। यह तो असीमित है। चेतना ही शांति है अर्थात आप स्वयं शांति हैं, आप स्वयं सत्य हैं, आप स्वयं ही ऊर्जा हैं। चेतना को जानना ही ज्ञान को समझना है। यह चेतना ही प्रेम का असीमित स्रोत है और आप स्वयं प्रेम ही हैं।

## आपके पत्र

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

**कभी** सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है।

इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान

**नजर आता है।**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## स्वास्थ्य जांच स्थल पर ही दवा किया वितरण



साहिबगंज : डॉ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडरों के अंतर्गत कालाजार से प्रभावित खैरवा गाँव में डॉ पंकज कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियों के नेतृत्व में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे उक्त गाँवों में एल इडी वेन के माध्यम से ग्रामीणों को वैक्टर जनित रोग कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, नियमित टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत, जीरो डोज, परिवार नियोजन और आइआर एस कीटनाशी छिड़काव के बारे मे जागरूक किया गया। इसके साथ ही विभिन्न ग्रामों से आए लोगों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच स्थल पर ही दवा वितरण किया गया।उक्त संध्या चौपाल में ग्रामीणों को बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया, कालाजार, फाईलेरिया, यक्ष्मा, टीकाकरण, एचआईवी एवं अन्य सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच किया गया।साथ ही साथ स्थल पर ही आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया! इस मौके पर डॉ सत्ती बाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार, डॉ नित्यानंद सिंह चिकित्सा पदाधिकारी, अमन भारती बीपीएम प्रवीर कुमार सिन्हा एमटीएस, रवि कुमार जाटव सीएच ओ मोहन सिंह जाटव, नितिन चतुर्वेदी सहिया साथी, सहिया आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## पितरों के तर्पण और श्राद्धकर्म के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**साहिबगंज :** सनातन धर्म में अपने पितरों के मोक्ष के लिए पितर पक्ष में लोग गंगा किनारे तर्पण करते है।इसी को लेकर शहर के मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट पर पितर पक्ष के मौके पर सोमवार को सैकड़ों लोगों ने तर्पण की प्रक्रिया शुरू की। पितृपक्ष की शुरूआत के साथ ही गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिले के विभिन्न घाटों पर सोमवार को पितरों के तर्पण और श्राद्धकर्म के लिए सुबह से ही लोग पहुंचने लगे। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों से विधिवत कर्मकांड संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर तिल, जल और पिंडदान अर्पित कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस कर्मकांड के लिए आसपास के राज्यों से कई लोग जिले के विभिन्न गंगा घाट पहुंचे। पुरोहित ने मंत्र उच्चारण के साथ तर्पण की विधि कराई।सोमवार को प्रथम दिन पुरोहित विवेक पांडे,रोहित आदर्श ओझा,धनेश तिवारी,प्रमोद पांडे, निरंजन पांडे,कायानंद पांडे,विश्वास पांडे,देवकीनंदन झा,नागेंद्र तिवारी सहित दर्जनों पुरोहितों ने कर्मकांड करवाया।प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था की गई थी।पितृपक्ष के दौरान 15 दिनों तक जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर तर्पण और श्राद्धकर्म का आयोजन जारी रहेगा।धार्मिक आस्था से जुड़े इस अवसर पर श्रद्धालु पितरों को स्मरण कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हैं।

## अखिल भारतीय ऊमर वैश्य महासभा की नई कार्यकारिणी का गठन



**साहिबगंज :** अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में अखिल भारतीय ऊमर वैश्य महासभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।नई कार्यकारिणी में आनंद मोदी को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया। वहीं साहिबगंज जिला से सतीश कुमार साह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।पूर्वी रेंज भाग से संरक्षक देवघर के गणेश प्रसाद ऊमर को कोलकाता से श्याम सुंदर साव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और संगठन मंत्री की जिम्मेदारी बिहार के जमुई जिला से बैजनाथ प्रसाद मोदी को दी गई।लोकेश कुमार,जमुई व दिनेश कुमार मोदी,आसनसोल व भैरो लाल साह, देवघर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।इधर,आनंद मोदी के राष्ट्रीय मंत्री बनने से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों समेत साहिबगंज जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। बधाईयों का तांता लगा हुआ है। साहिबगंज के जिला आदत दिलीप कुमार साह,अवधेश कुमार,पवन कुमार साह,सतीश कुमार साह,उदय कुमार साह,अशोक कुमार,श्रवण मोदी,संतोष मोदी,अमित कुमार, विकास कुमार गुप्ता,त्रिपुरारी मोदी,संजय साह,पन्ना लाल साह,राजेश कुमार,मोहन मोदी समेत कई लोगों ने बधाई दी।

## सदर अस्पताल कि व्यवस्था बद से बदतर : सत्य प्रकाश

साहिबगंजःसमाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश सिन्हा ने सदर अस्पताल कि वर्तमान व्यवस्था पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहते है। कि साहिबगंज सदर अस्पताल कि व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है सरकार जनहित मे सभी संसाधन उपलब्ध तो करवा देती है परन्तु चिकित्सक के अंदर से सेवाभाव कि कमी व अपना नीजी क्लीनिक चलाने के उद्देश्य का आलम यह कि चंद घंटे सरकारी ड्युटी करना उनहे नागवार गुजरता है।समाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश सिन्हा अपनी माँ उषा देवी का पैंर फ्रैक्कर हो गया वे अपनी माँ को लेकर सदर अस्पताल पहुचे डाँ सचिन आँयोर्पेडिक ड्युटी पर तैनात थे। पर्ची पर एक्सरे लिखा रिपोर्ट कराया जब प्लास्टर कि बात आई तो आनाकानी करते हुए करते है। अभी संभव नही ले जाईए। माँ दर्द से कहरा रही थी। कुछ दवा लिखने को कहा तो साफ इनकार और बदतमीजी भरे लहजे मे बात करते हुए उठकर अपने कमरे मे चले गए यह कहते हुए कि नही करुगा इलाज ज्यादा करोगे तो केस कर दुंगा कि डाँ से बदतमीजी करते हो । मैने इसकी जानकारी तुरंत दुरभाष पर डीसी साहेबगंज व सीएस को दी उनहोने त्वरित कार्यवाही करते हुए डीएस डाँ देवेश व डाँ मुकेश को अस्पताल भेजा उनके कहने पर भी डाँ सचिन कुछ सुनने को तैयार नही.

# दिव्यांग प्रमाण पत्र व मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का ऑन द स्पॉट किया गया समाधान

संवाददाता

**देवघर** : जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट




निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त श्री लकड़ा ने जनता दरबार में झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया, ताकि योग्य लाभुकों का भुगतान किया जा सके और अयोग्य लाभुकों का नाम पोर्टल से हटाया जा सके। इसके अलावा, पेंशन योजना के तहत वैसे लाभुक जिनका किसी त्रुटि के कारण भुगतान लंबित है, त्रुटि का निराकरण करने का निर्देश दिया गया, ताकि वैसे पेंशन के लाभुकों का भुगतान किया जा सके। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान सारवां प्रखंड अंतर्गत फर्जी सिचाई कूप निर्गत कराकर पैसा निकासी से जुड़े मामले में जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। आगे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला जन शिकायत कोषांग प्रभारी पदाधिकारी ओम प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## अनुपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाएं होंगी चयनमुक्त : उपायुक्त



संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में विभाग की समीक्षा करते हुए उपयुक्त श्री सिन्हा ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका सहायिका के रिक्त पदों को नियमानुसार भरने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्र जहाँ सेविका एवं सहायिका के पद रिक्त हैं उसे जल्द से जल्द नियमानुसार ढंग से प्राथमिकता के आधार पर भरे जाएं।

बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने निदेश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुले इसे सुनिश्चित किया जाय।आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं निश्चित रूप से मिले इसे सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने कहा कि वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां सेविका उपस्थित नहीं रहती हैं,उनसे स्पष्टीकरण करते हुए चयन मुक्त करने का कार्य किया जाय।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन करते हुए योजना का लाभ देने का कार्य किया जाए।जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष 2025-26 में 37000 लाभुकों को उक्त योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य प्राप्त है।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने का निदेश दिया।जानकारी दी गयी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 474 लाभुकों को योजना का लाभ देने है एवं अब तक 201 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका के साथ समीक्षा करते हुए पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनबाड़ी केंद्र का हैंडोवर सुनिश्चित करेंगे।साथ वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां बिजली और पानी की सुविधा नहीं है वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराएंगे।

जानकारी दी गयी कि लगभग 217 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय एवं 450 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं।उपायुक्त ने निदेश दिया कि संबंधित सीडीपीओ अपने स्तर से कार्य की गुणवत्ता की जांच करेंगे।इस दौरान उन्होंने वैसी महिला पर्यवेक्षिका जिन्होंने 10 से कम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया है उनके वेतन निकासी पर रोक लगाने का निदेश दिया।

बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध प्री स्कूल एजुकेशन किट ,मोबाइल,बर्तन, कपड़ा खाना से संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निदेश दिया।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी,सभी सीडीपीओ आदि उपस्थित थे।

## नियम विरुद्ध कार्य करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी : जिला खनन पदाधिकारी



**दुमका :** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाने को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार ने शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में नियम विरूद्ध संचालित हो रहे क्रशर पर सोमवार को कार्रवाई की एवं सील कर दिया। वही डीएमओ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा एवं अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में सलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगी*।अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव कुमार सिंह सोमवार को शिकारीपाड़ा के ॠ्रँ३१स्त्र४१ ी फ़ूँल्लं फ्रंळ१ल्ल२स्त्रङ्ग१३ अ२२ड्ढं३ी२ ढ१५३ी छे३ी संचालित हो रहे क्रशर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि क्रशर खनन विभाग के नियम विरूद्ध संचालित किए जा रहे है,जिसकी सूचना डीएमओ को दी जिस डीएमओ आनंद कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्रशर को सील करने का निर्देश दिया जिसके आलोक में खान निरीक्षक द्वारा क्रशर को सील कर दिया गया ।डीएमओ आनंद कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## रहमानी के हदीस के उस्ताद हजरत मौलाना एजाज नें नबी की सीरत की जानकारी दी

**साहिबगंज :** शहर के हबीबपुर मोहल्ले में बीते रात सीरतुन्नबी का जलसा का आयोजन हुआ।सदारत हाफिज अब्दुल बारी ने की।इस दौरान खानकाह रहमानी के हदीस के उस्ताद हजरत मौलाना एजाज ने ने नबी की सीरत की जानकारी देते हुए लोगों को जनक बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की।कहा कि नबी से मोहब्बत का तकाजा है कि उनकी सीरत पर अमल किया जाए।इस दौरान मौलाना मोहम्मद शफीक,कारी इम्तियाज रहमानी,मौलाना मुफ्ती साजिद,कारी मोहम्मद नौशाद,हाफिज मोहम्मद मजहर इमाम,हाफिज महमूद, जलसा कमेटी सेक्रेटरी मोहम्मद शकील, निवर्तमान वार्ड पार्षद आजाद हुसैन, आफताब आलम,कज्जाफी बिन मुर्शाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जयंती पर याद किए गए भर भूतपूर्व जिला परिषद् सदस्य भगवत राउत

**दुमका :** शहर के भागवत नगर महुआ डंगाल स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण और सरदार पटेल चौक में सोमवार को शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच और पटेल सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिषद् के भूतपूर्व सदस्य सह समाजसेवी स्व० भागवत राउत के 66 वें जन्मदिवस पर जयंती समारोह उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर शहीद सरदार भागवत राउत को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया. कार्यक्रम में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,स्व०राउत की धर्मपत्नी व जिला परिषद् सदस्य चिंता देवी,जय माता दी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार राउत,मंच व संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम,विजय राउत,जगदेव राउत,अशोक कुमार राउत,भूदेव राउत,प्रकाश चंद्र गंधर्व,संतोष राउत,राजनीकांत राउत,मोहम्मद इमरान,अनुज राउत,रविकांत राउत कुंदन कुमार,ऋषभ सिंह,रितेश गुप्ता, कमलेश राउत,आलोक कुमार, नंदकिशोर राउत,अंकित कुमार भगत,अक्षत कुमार,राधिका कुमारी,आराध्या कुमारी,अंकित मंडल,दिलीप दास,पिंकू साह,छोटू केशरी,रंजन पोद्दार सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता

**देवघर :** जिले केउपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिलास्तरीय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की संयुक्त सहभागिता से संचालित आदि कर्मयोगी अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। आगे उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजातीय एवं अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जब शासन की योजनाएं सुदूरवर्ती गांवों तक समयबद्ध रूप से पहुंचेगी और उनका लाभ पात्र लाभुकों तक शत-प्रतिशत पहुंचेगा, तभी अभियान की वास्तविक सफलता सिद्ध होगी। इसे साकार करने में प्रत्येक वर्ग




का योगदान अपेक्षित है। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान योजना के तहत एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी जनजातीय ग्रामों में जनजातीय परिवर्तन के माध्यम से शासन को सशक्त बनाना है। आगे उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आदि कर्मयोगी का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर जनजातीय समुदाय के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाने की बात कही। साथ ही अभियान के तहत जनजातीय समाज के वंचित वर्ग को योजनाओं का लाभ दिलाने और मुख्य धारा में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करे, इसलिए अपने महत्व को समझते हुए गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

इसके अलावे कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी प्रशिक्षण का लाभ उठाए और क्षेत्र में जाकर जनजाति समाज के उत्थान में सक्रिय सहयोगी बनने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। आगे उन्होंने कहा कि देवघर जिले के सभी 10 प्रखण्डों में 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति बाहुल्य सभी ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिये आदि कर्मयोगी अभियान प्रांरभ किया गया है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाएगा। वे अपने-अपने प्रखंड में ब्लॉक मास्ट्र्स ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देकर आदि सहयोगी व आदि साथी चयनित कर उन्हें प्रशिक्षित कर ह्यह्यआदि कर्मयोगी एक उत्तरदायी शासन प्रणाली कार्यक्रमह्यह्य हेतु तैयार करेंगे। इससे जनजाति समुदाय के लोगों को उनके कल्याण की योजनाओं का लाभ देने हेतु सैच्यूरेट किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे।

इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने सभी को शपथ दिलाई कि हम देवघर के समर्पित आदि कर्मयोगी शुद्ध अंतःकरण से प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने जिले में आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण निष्ठा, पारस्परिक सहयोग, सामुदायिक सहभागिता एवं दृढ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। हम अपने अनुभव एवं अर्जित ज्ञान के अतिरिक्त तकनीकी कौशल का उपयोग देवघर जिले के सभी आदि कर्मयोगी गाँव के सतत एवं सर्वांगीण विकास के लिए सुनिश्चित करेंगे। हम सामुदायिक संवाद के प्रभावी माध्यमों से ग्रामीणों के बीच सर्वांगीण एवं सतत विकास की अवधारणा विकसित करेंगे। हम यह सुनिशचित करेंगे कि पारस्परिक सहयोग से ग्रामीणों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सरकारी कार्यक्रम का लाभ मिले और उनका जीवन और परिवेश बेहतर हो सके।कार्यशाला में अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानन्द दूबे, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जे0एस0एल0पी0एस, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे।



# 'फिल्म धमाल 4 की शूटिंग पूरी 2026 में ईद पर होगी रिलीज

**बॉलीवुड** स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म धमाल 4 की शूटिंग पूरी हो गई है। धमाल 4 बॉलीवुड की लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म सीरीज धमाल की चौथी कड़ी है, जिसका निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। फिल्म धमाल-4 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार पोस्ट के जरिए शूटिंग पूरी होने की घोषणा दी, जिसमें अखबारनुमा चित्र है और उस पर धमाल टाइम्स और ब्रेकिंग न्यूज लिखा हुआ है।

अजय देवगन ने इस पोस्ट को कैप्शन दिया, आज की ताजा खबर आपके लिए लेकर आ रहे हैं, वो गैंग जो अब जल्द ही लूटने आ रहे हैं आपका दिल और दिमाग। धमाल-4 ईद 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म धमाल 4 में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन और ईशा गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# इत्ती सी खुशी से इम्प्रेस हुईं सोनाली बेंद्रे



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से बेहद प्रभावित हुई हैं। सोनाली बेंद्रे सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से खासा प्रभावित हुई हैं। सादगी भरी लेकिन दिल को छू लेने वाली कहानी वाला यह शो वही अपनापन और जुड़ाव दशार्ता है, जिसकी सराहना सोनाली पहले भी करती रही हैं। सोनाली बेंद्रे ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया कि आमतौर पर वह किताबें सुझाती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दर्शकों से सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी देखने का आग्रह किया। एक ऐसा टेलीविजन शो जिसे वह बेहद सरल, ईमानदार और दिल को छू लेने वाला मानती हैं। उन्होंने कहा कि बहुत समय बाद किसी शो ने उनके दिल को इतनी सच्चाई से छुआ है।

इत्ती सी खुशी को उन्होंने नई ताजगी की सांस बताते हुए कहा कि इस शो में भावनाओं और हल्के-फुल्के पलों का बेहतरीन संतुलन है, इसलिए मैं इसे देखकर वास्तव में आनंद ले रही हूं। उम्मीद है आप सब भी इसे देखेंगे और अपनी-अपनी इत्ती सी खुशी पाएंगे। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सुम्बुल तौकरी ने लिखा कि आपके इतने प्यारे शब्दों के लिए दिल से आभारी हूं सोनाली मैम। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, खासकर इसलिए क्योंकि मैं हमेशा से आपके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। यह प्रोत्साहन मेरे लिए और भी खास है।

## विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं जैस्मिन लांबोरिया



**एजेंसिया/ लिवरपूलः** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन लांबोरिया ने ब्राजील की दो बार की ओलंपियन जुसीलन सेर्कुइरा रोमीयू को मात देकर महिला 57 किलोग्राम भारवर्ग में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। जैस्मिन और रोमीयू का आमना-सामना इससे पहले अस्ताना के फाइनल मुकाबले में हुआ था, जिसमें करीबी जंग के बाद भारतीय मुक्केबाज ने जीत दर्ज की थी। लिवरपूल में जैस्मिन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाए रखते हुए 5-0 से मुकाबला जीता और अब वह विश्व चैंपियनशिप पदक से बस एक जीत दूर हैं। वहीं, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर खत्म हो गया, उन्हें तुर्की की हतिसे अकबा के खिलाफ 0-5 से हार झेलनी पड़ी। इसी तरह लिवरपूल में सनमाचा चानू का अभियान भी समाप्त हो गया, जब वह कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार गईं। वहीं, अभी सचिन (पुरुष 60 किग्रा) का सामना कजाकिस्तान के बीबार्स झेक्सेन से होगा। सुमित (पुरुष 75 किग्रा) बुल्गारिया के रामी कीवान से भिड़ेंगे।

# हीर एक्सप्रेस में दिविता जुनेजा की एक्टिंग और चार्म ने जीता दिल




**बॉलीवुड** की बहुप्रतीक्षित फैमिली एंटरटेनर हीर एक्सप्रेस का दूसरा ट्रेलर जी म्यूजिक पर लॉन्च किया गया। फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म का टीजर और पहला ट्रेलर जून में रिलीज हुआ था। फिल्म में टेलेंट और ग्लैमर का जबरदस्त संगम है। दिविता जुनेजा हीर एक्सप्रेस से सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ चार्मिंग प्रीत कमानी नजर आएंगे। वहीं फिल्म में दिग्गज कलाकारों का भी तगड़ा तडका है, जिनमें आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक और लंदन के नामचीन कलाकार शामिज हैं।

निर्देशन की कमान उमेश शुक्ला ने संभाली है, जो ओह माय गॉड और 102 नॉट आउट जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। फिल्म के 5 दमदार गाने पहले ही रिलीज होकर सोशल मीडिया, टीवी और रेडियो पर धूम मचा रहे हैं। फिल्म की कहानी भारत से लंदन तक फैली है, जहां उनायिका का अपने जीवन की कई सच्चाइयों से सामना होता और हालात उसे ऐसी जंग में खड़ा कर देते हैं, जहाँ उसे कई कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्रॉफी समीर आर्य और अक्षत शर्मा ने संभाली है। हीर एक्सप्रेस एक साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन्स, रोमांच, म्यूजिक और रिश्तों की गर्माहट सब कुछ है।

## 'कौन सा करियर खाया मैंने? और खाऊंगा तो...'करियर बर्बाद करने की खबरों पर सलमान खान ने कही ये बात



**विवादित** रियालिटी शो बिग बॉस 19 शुरूआत से ही फैंस को एंटरटेन कर रहा है। हाल ही में शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई।शो में शहनाज गिल के भाई शहबाज गिल ने वाइल्ड कार्ड के तौर पर एंट्री ली। इसी दौरान सलमान ने 'लोगों के करियर खत्म' करने वाली खबरों पर रिएक्ट किया। दरअसल, जब शो में शहबाज की एंट्री होने वाली थी, उससे पहले वीकेंड का वार के स्टेज पर शहनाज गिल आती हैं। शहनाज ने सलमान से रिक्वेस्ट की कि वो उनके भाई शहबाज का करियर बनाए जैसे वो लोगों का करियर बनाते हैं। इस पर सलमान ने कहा कि ये वो नहीं हैं जो लोगों का करियर बनाते हैं। तो शहनाज कहा कि वो जैसे लोगों को करियर बनाने के लिए चांस देते हैं। जैसे उन्होंने उनकी (शहनाज) मदद की। शहनाज ने कहा- सर आपने इतनों का करियर बनाया है. तो सलमान ने कहा- 'मैंने कहां किसी का करियर बनाया है। करियर बनाने वाला तो ऊपरवाला है लांछन भी डाला है कि कितनों के डुबाए हैं। खासतौर पर डुबाने वाले तो मेरे हाथ में है ही नहीं लेकिन आजकल सब चलता है न कि करियर खा जाएगा। कौन सा करियर खाया मैंने? पर अगर खाऊंगा तो मैं खुद का करियर खा जाऊंगा।' सलमान खान ने आगे कहा-'कभी कभी मैं आत्मसंतुष्ट हो जाता हूं और फिर छोड़ देता हूं। और फिर वापस उसको अपने ग्रिप में लाने की कोशिश करता हूं।' इसके बाद शहनाज कहती है-'आप भले ही ऐसा ना माने पर आपने कई लोगों को मौका देकर उनका करियर बनाया है। आपने मुझे भी मौका दिया था। इसलिए मैं चाहती हूं कि आप मेरे भाई शेहबाज को भी एक मौका दें ताकि वो भी अपने करियर में कुछ कर पाए।

## 'तुम हमेशा सुरक्षित रहो..पति राज के बर्थडे पर खुशियां और सफलता मांगती दिखीं शिल्पा शेट्टी, पाठ की तस्वीरें शेयर कर लिखा-रब मेहर करे



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा बी-टाउन के सबसे चर्चित कपल्स में गिने जाते हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे पर प्यार लुटाते देखा जाता है, जिसकी तस्वीरों और वीडियोज फैंस का खूब दिल जीतती हैं। इस बार शिल्पा ने अपने पति राज कुंद्रा के 50वें जन्मदिन पर एक प्यारा सा मैसेज शेयर किया है, जो फैंस को भी खूब पसंद आ रहा है।

शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति की कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए और लिखा झमेरी प्यारी कुकी इस यादगार जन्मदिन पर, मैं प्रार्थना करती हूं कि तुम हमेशा धन्य और सुरक्षित रहो ?? हम बहुत खुशनसीब हैं कि आप हमारे जीवन का हिस्सा हैं। आपको ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और सफलता मिले। रब मेहर करे।

इन तस्वीरों और वीडियो में शिल्पा के पति राज कुंद्रा की घर अपने घर में सुखमनी साहब का पाठ करवाने की झलक देखने को मिल रही है। राज कुंद्रा अपने सिर पर महाराज साहब उठाकर लाते हैं। इस दौरान वह पिं कुर्ते और सिर पर पिंक पगड़ी बांधे दिख रहे हैं। शिल्पा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया और फैंस भी कमेंट कर राज कुंद्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## मोहम्मद सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट, मैट हेनरी और जायडन भी दावेदार




**दुबईः** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अगस्त महीने के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। उनके अलावा, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स भी नॉमिनेट हुए हैं। सिराज को यह नॉमिनेशन इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में पांच विकेट लेकर भारत को छह रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला, लेकिन उसी प्रदर्शन से उन्होंने नॉमिनेशन पा लिया। वहीं, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई।

# सोनम कपूर ने व्हिस्पर्स फ्रॉम दि वैली में बिखेरा जलवा



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड जोया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे।

ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ये ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।

# एशिया कप आज से, अफगानिस्तान- टीम हांगकांग के बीच खेला जाएगा पहला मैच

## आबुधाबी में अफगानिस्तान और टीम हांगकांग के बीच रात आठ बजे से खेला जाएगा पहला मैच






**एजेंसी/ आबुधाबी :** एशिया कप 2025 का आगाज मंगलवार से होगा, जिसका पहला मुकाबला अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच आबुधाबी में खेला जाएगा। इस बार यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। मंगलवार को ग्रुप-बी दोनों टीमें जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत का लक्ष्य लेकर उतरेंगी। दोनों टीमों के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो अफगानिस्तान का पलड़ा हांगकांग पर भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक पांच टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। अफगानिस्तान ने तीन मुकाबले जीते हैं, जबकि हांगकांग ने सिर्फ दो मैच अपने नाम किए हैं। यासिम मुर्तजा के नेतृत्व वाली हांगकांग टीम की नजर राशिद खान की अगवाई वाली अफगानिस्तान टीम के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार पर होगी। पिछले संस्करण (2023) का हिस्सा नहीं रही हांगकांग की टीम इस बार टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों बाबर हयात और अंशुमान रथ पर तेज शुरूआत दिलाने का दारोमदार रहेगा। मिडल ऑर्डर में अनुभवी किंचित शाह बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो सकते हैं और उन्हें मार्टिन कोएत्जी व जीशान अली जैसे बल्लेबाजों से सहयोग की उम्मीद होगी।

गेंदबाजी विभाग में कप्तान यासिम मुर्तजा के साथ निजाकत खान और अहसान खान स्पिन का जिम्मा संभालेंगे, जबकि मोहम्मद वाहिद इकलौते तेज गेंदबाज होंगे। वहीं, राशिद खान की अगवाई वाली अफगान टीम जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत करना चाहेगी। अफगानिस्तान के लिए ओपनिंग रहमनुल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल करेंगे। वहीं, मिडल ऑर्डर में इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह ओमरजाई, करीम जनत और डार्विश रसूली खेलते नजर आएंगे। गेंदबाजी विभाग हमेशा की तरह स्पिन पर निर्भर करेगा। राशिद खान, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी अहम कड़ी होंगे, जबकि फजलहक फारूकी एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज रहेंगे।

हांगकांग– बाबर हयात, अंशुमान रथ (विकेटकीपर), मार्टिन कोएत्जी, जीशान अली, कल्हन चालू, किंचित शाह, अनस खान, यासिम मुर्तजा (कप्तान), मोहम्मद वाहिद, निजाकत खान, एहसान खान।

न्यूज ब्रीफ




## ट्रैक्टर बहने से दो की मौत

**गगरेट:** उपमंडल गगरेट के कुठेहड़ा जसवाला गांव में सोमभद्रा नदी के तेज बहाव में एक ट्रैक्टर के बह जाने से ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक का शव ट्रैक्टर के नीचे दबा बरामद हुआ जबकि दूसरे का शव सोमभद्रा नदी में ही कुछ दूरी पर दबा मिला है। गगरेट पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। कुठेहड़ा जसवाला के संजीव कुमार पुत्र यशपाल (49 वर्ष) व सुरजीवन पुत्र रोशन सिंह (49 वर्ष ) सोमवार रात्रि सोमभद्रा नदी पार नंदपुर में ट्रैक्टर से अपने खेतों को जोतकर वापिस आ रहे थे। उस समय सोमभद्रा नदी उफान पर थी। वे पानी की गहराई का अंदाजा अंधेरा होने के कारण लगा नहीं पाए। जैसे ही नदी पार करने के लिए उन्होंने ट्रैक्टर नदी में उतारा तो ट्रैक्टर अचानक पलट गया। इसके चलते ट्रैक्टर पर बैठा युवक पानी के बहाव के साथ बह गया और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। हादसा होते किसी ने देख लिया और तत्काल मदद के लिए लोगों को फोन किया। लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे से सुरजीवन को निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर संजीव का भी शव बरामद हो गया। दोनों शादीशुदा थे। सुरजीवन की दो बेटियां और संजीव के एक बेटा व बेटी है। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया को दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया है।

## आधार मतदाता सूची के लिए वैध आईडी, नागरिकता के लिए नहीं



**नई दिल्ली:** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सोमवार को बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज माने, ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें। चुनाव आयोग पहले ही 11 दस्तावेजों की सूची जारी कर चुका है, जिन्हें दिखाकर मतदाता, वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कर सकते हैं।

## रेप केस में राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका, कोर्ट ने खारिज की 693 करोड़ रुपये के हर्जाने को रद्द करने की अपील




**न्यूयॉर्क :**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सेकेंड यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स से करारा झटका मिला है। कोर्ट ने उनकी उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पत्रकार और लेखिका ई. जीन कैरोल को दिए गए 83.3 मिलियन डॉलर (करीब 693 करोड़ रुपये) के हजार्ने को रद्द करने की मांग की थी।

81 वर्षीय ई. जीन कैरोल, जो पहले एली मैगजीन की कॉलमिस्ट रह चुकी हैं, ने आरोप लगाया था कि 1990 के दशक में ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में उनका यौन शोषण किया था। ट्रंप ने 2019 में इन आरोपों को नकारते हुए कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं और उन्होंने अपनी किताब बेचने के लिए यह कहानी बनाई है।

कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने कहा कि जूरी द्वारा दिया गया हर्जाना इस मामले की असाधारण और गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए पूरी तरह उचित है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इस मामले में राष्ट्रपति पद की इम्युनिटी (छूट) का दावा नहीं कर सकते।

ट्रंप ने तर्क दिया था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2024 के फैसले के मुताबिक उन्हें व्यापक क्रिमिनल इम्युनिटी मिली है, जो सिविल मुकदमों पर भी लागू होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि 2019 में उनके बयान राष्ट्रपति के आधिकारिक कर्तव्यों का हिस्सा थे, लेकिन कोर्ट ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया।

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड, 10 ग्राम गोल्ड के लिए देने होंगे इतने सवा लाख



**नई दिल्ली:** कल सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने में बड़ी गिरावट के बाद आज (9 सितंबर) फिर सोने में बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। मंगलवार को सोने ने नया रिकॉर्ड बनाया है। खबर लिखे जाने के समय एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,09,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत में भी 0.33 फीसदी का उछाल आया है, ये 1,25,985 रुपए प्रति किग्रा पर है।

सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपए की गिरावट के साथ 1,07,670 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपए टूटकर 1,06,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900-900 रुपए बढ़कर क्रमशः 1,07,870 रुपए प्रति 10 ग्राम और 1,07,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। चांदी भी बिकवाली के दबाव में रही और 1,000 रुपए की गिरावट के साथ 1,26,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को चांदी 1,27,000 रुपए प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोना अब भी तेजड़ियों के नियंत्रण में है; सोमवार को शुरूआती कारोबार में इसकी थोड़ी कमजोर शुरूआत हुई। हालांकि, सुरक्षित निवेश की मांग, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और स्थिर अमेरिकी डॉलर के समर्थन से, यह शुरूआती

# बारिश, बाढ़ और भूस्खलन पंजाब में अब तक 51 की मौत, हरिद्वार में ट्रैक पर गिरा मलबा, 23 ट्रेनें प्रभावित



**नई दिल्ली/शिमला/हरिद्वार :** उत्तर भारत में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की दुश्वारियां जारी हैं। सोमवार सुबह करीब पौने सात बजे हरिद्वार में टनल के पास रेलवे ट्रैक पर मलबा गिरने से रेल यातायात करीब 11 घंटे बंद रहा। इस दौरान 23 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। पंजाब में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 51 पर पहुंच गई है और 3.87 लाख लोग प्रभावित हैं। 4.34 लाख एकड़ क्षेत्र में फसले भी बर्बाद हो गई है। राज्य सरकार ने प्रति एकड़ 20,000 रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी बारिश से हालात खराब बने हुए हैं और कई सड़कें बंद हैं। कटड़ा में माता वैष्णो देवी यात्रा लगातार 14वें दिन निलंबित रही।

हरिद्वार में काली माता मंदिर के पास भीमगोडा रेलवे टनल के पास रेल ट्रैक पर पहाड़ से मलबा गिरा। एक महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना थी। ट्रैक पर मलबा गिरने से देहरादून-ऋषिकेश और हरिद्वार के बीच चलने वाली ट्रेनों का संचालन ठप हो गया। 23 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इनमें चंदौसी ऋषिकेश, हावड़ा योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस, अमृतसर देहरादून एक्सप्रेस, बाड़मेर ऋषिकेश एक्सप्रेस शामिल थीं। यात्रियों को पांच बसों से उनके गंतव्य तक बेजा गया। ट्रैक को शाम पांच बजे खोला गया।

पंजाब बाढ़ के कारण मौतों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। बाढ़ से 4.34 लाख एकड़ फसल खराब हुई है, जिससे 25 फीसदी बासमती चावल का निर्यात प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बाढ़ प्रबावित क्षेत्रों से अब तक 23,015 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

123 राहत शिविरों में 5,416 लोग ठहरे हुए हैं। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सेना ने 30 हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं, जबकि बीएसएफ, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रही हैं। धान की फसल प्रभावित होने को लेकर जो आंकड़े जारी किए गए हैं, उस हिसाब से कुल 12 लाख टन चावल के उत्पादन पर असर पड़ेगा। इसमें 6 लाख टन बासमती का उत्पादन शामिल है। राज्य सरकार ने बाढ़ के कारण जिन किसानों के खेत डूब गए हैं और फसलें नष्ट हो गईं, उनके लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की घोषणा की है।

**चंबा-भरमौर एनएच पर यातायात 14 दिन बाद बहाल होने से राहत :** हिमाचल प्रदेश में चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे चौदह दिन बाद बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। लारजी-बंजार एनएच भी छोटे वाहनों के लिए खुल गया है। बंजार के सैंज में हेलिकाप्टर से 30 क्विंटल राशन पहुंचाया गया। कुल्लू से मनाली हाईवे बहाल करने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। गगल एयरपोर्ट पर सोमवार को सभी उड़ानें समय पर पहुंचीं। शिमला में खराब मौसम के चलते हवाई सेवाएं ठप रहीं। सोमवार शाम तक प्रदेश में तीन एनएच सहित 744 सड़कें, 959 बिजली ट्रांसफार्मर और 472 पेयजल योजनाएं ठप रहीं। मंगलवार को भी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। हालांकि 14 सितंबर तक कोई भी अलर्ट नहीं है। राजस्थान में घर गिरा, दो की मौतः राजस्थान के भरतपुर के दीग इलाके में भारी बारिश के कारण एक घर के गिर जाने से भाई-बहन की मौत हो गई। परिवार के चार सदस्य घायल हुए हैं। सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में एक सरकारी स्कूल की इमारत का हिस्सा ढह गया। यह घटना छात्रों के स्कूल आने से पहले हुई, इसलिए बड़ी अनहोनी होने से बच गई। उदयपुर में, झाड़ोल के निकट भूस्खलन के कारण सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर आ जाने से उदयपुर-झाड़ोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया। मौसम विभाग ने जलोर, सिरोही, बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**सेना ने अब तक 21,500 लोगों को बचाया:** देश के कई प्रदेशों में अतिवृष्टि ने तबाही मचा दी है। युद्धस्तर पर जारी राहत व बचाव कार्य में सेना देवदूत बनकर सामने आई है। अप्रैल में मानसून की शुरूआत से लेकर अब तक सेना के जवानों ने देशभर के 75 स्थानों पर अलग-अलग राहत व बचाव कार्य में 21,500 से ज्यादा नागरिकों की जान बचाई है। साथ ही कुल 126 बचाव टुकड़ियों ने लगभग 9,700 लोगों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराई है।

## पीएम मोदी आज करेंगे पंजाब और हिमाचल का दौरा, बाढ़ प्रभावित इलाकों का करेंगे हवाई सर्वे; पीड़ितों से मिलेंगे

संवाददाता



**चंडीगढ़/शिमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह दोनों राज्य हाल ही में आई भारी बारिश और बाढ़ के कारण व्यापक नुकसान का सामना कर चुके हैं, और दोनों ही सरकारें इन्हें बाढ़ग्रस्त घोषित कर चुकी हैं। बाढ़ के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा होगा।

पंजाब में प्रधानमंत्री सबसे पहले पठानकोट पहुंचेंगे, जहां से वे हेलिकॉप्टर के जरिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे। हिमाचल में वे चंबा, कुल्लू और मंडी जिलों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद गग्गल एयरपोर्ट पर उतरकर धर्मशाला में अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहेंगे। धर्मशाला में बैठक के बाद प्रधानमंत्री हेलिकॉप्टर से दोबारा पठानकोट लौटेंगे। पंजाब में वे गुरदासपुर और पठानकोट में बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर दोनों ही राज्यों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत खराब होने के कारण वे प्रधानमंत्री से मुलाकात नहीं कर पाएंगे। उनकी जगह पंजाब के मुख्य सचिव प्रधानमंत्री को बाढ़ से हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार से बाढ़ राहत के लिए 80 हजार करोड़ रुपये की मांग की है। प्रधानमंत्री के इस दौरे के बाद दोनों ही राज्यों को विशेष राहत पैकेज की उम्मीद है। शाम करीब 4 बजे प्रधानमंत्री गुरदासपुर पहुंचेंगे, जहां वे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## कुल्लू भूस्खलनः मलबे में दबने से अब तक चार की मौत, 3 घायल



**हिमाचल :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक दुखद घटना सामने आई है। देर रात निरमंड इलाके के शमानी गांव में भारी भूस्खलन हुआ, जिसकी चपेट में एक मकान आ गया था।। इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग घायल हैं। मलबे के नीचे दबी एक 8 साल की बच्ची की तलाश जारी है। यह घटना मंगलवार रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। अचानक हुए भूस्खलन के कारण घर पूरी तरह मलबे में दब गया। घर में 8 लोग मौजूद थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया। मलबे से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत निरमंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मृतकों में शिव राम की पत्नी रेवती देवी भी शामिल हैं। बाकी तीन शवों को भी मलबे से निकाल लिया गया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और लापता बच्ची की तलाश में जुटी हुई हैं। बारिश और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आ रही हैं। प्रशासन ने प्रभावित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इलाके में और भूस्खलन होने की आशंका को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

## नेपाल में हालात बेकाबू! सोशल मीडिया प्रतिबंध पर भड़की हिंसा के बाद काठमांडू में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू



**नई दिल्ली:** नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटाए जाने के एक दिन बाद, मंगलवार सुबह फिर से सड़कों पर नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिससे नेपाल में तनाव बना हुआ है। सोमवार से अब तक दो मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री केपी ओली की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं।

नई दिल्ली ने मंगलवार को एक बयान जारी कर नेपाल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने और नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी किए गए कदमों और दिशानिर्देशो का पालन करने की सलाह दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, यह बयान ऐसे समय में आया है जब नेपाल की राजधानी काठमांडू में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा हुआ है। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने सुबह 8:30 बजे से अगली सूचना तक कर्फ्यू के आदेश जारी किए हैं।

नेपाल की राजधानी काठमांडू में अधिकारियों ने पहले के जारी आदेश को हटाए जाने के कुछ ही घंटों बाद, मंगलवार को फिर से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने सुबह साढ़े आठ बजे से अगली सूचना तक पूरे शहर में कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर सोमवार को सुरक्षा बलों और युवाओं के समूहों के बीच झड़पें हुई थीं जिनमें 19 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए यह कदम उठाया गया।

पूर्व में जारी कर्फ्यू मंगलवार सुबह पांच बजे समाप्त हो गया। काठमांडू के मुख्य जिलाधिकारी छविलाल रिजाल द्वारा जारी नोटिस में कहा गया, कर्फ्यू के दौरान लोगों की आवाजाही, किसी भी प्रकार की सभा, विरोध-प्रदर्शन, बैठक और धरने की अनुमति नहीं होगी।नोटिस में कहा गया, हालांकि, एंबुलेंस, दमकल की गाड़ियों, स्वास्थ्यकर्मियों को ले जाने वाले वाहनों, पर्यटकों, मीडियाकर्मियों और हवाई यात्रियों को सुरक्षा कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर आने-जाने की अनुमति दी जाएगी।

भक्तपुर जिले के प्रशासन ने भी पेप्सीकोला, राधेराधे चौक, सल्लाघरी, दुवाकोट और चांगुनारायण मंदिर सहित कई इलाकों में मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। प्रशासन ने काठमांडू से सटे ललितपुर के कुछ हिस्सों में भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। कर्फ्यू के आदेशों के बावजूद, मंगलवार सुबह कई इलाकों में छात्रों के नेतृत्व में सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए। काठमांडू के कलंकी और बानेश्वर, तथा ललितपुर जिले के चापागाऊंझ्थेचो इलाकों से भी प्रदर्शनों की खबरें मिली हैं। प्रदर्शनकारियों में अधिकांश छात्र शामिल थे, जिन्होंने सभा पर लगे प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए छात्रों को मत मारो जैसे नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कलंकी में प्रदर्शनकारियों ने सुबह टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।

कर्फ्यू लागू होने से लोग घबरा गए और जरूरी सामान खरीदने के लिए किराने की दुकानों और दवा की दुकानों की ओर दौड़ पड़े। सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह ठप हो गया है और शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। सरकार ने लोगों के गुस्से को कम करने के लिए सोमवार देर रात सोशल मीडिया मंचों से प्रतिबंध हटा लिया।

# पटना तख्त श्री हरिमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल भेजने वाले ने पाकिस्तान आईएसआई के नारे लगाए



**पटना :** पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आईईडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है। इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गई। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है।

कई नेताओं का जिक्र किया। मेल में कहा गया है कि आईईडी विस्फोट से पहले तुरंत गुरुद्वारा के सभी कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया जाए। पत्र में न सिर्फ पटना साहिब को उड़ाने की बात कही गई है बल्कि उसने पाकिस्तान और खुफिया एजेंसी कक जिंदाबाद के नारे भी लिखे। धमकी भरे मेल में कई नेताओं, संगठनों और विदेशी ताकतों से जुड़े विवादित और आपत्तिजनक जिक्र भी किया गया है। मेल में राजीव गांधी, एम करुणानिधि, एमके स्टालिन समेत कई नेताओं का जिक्र किया गयाा है।

गुरुद्वारा की सुरक्षा कड़ी कर दी गईः प्रबंधन के अनुसार, धमकी मिलने के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। सुरक्षा एजेंसियां मेल की जांच में जुट गई हैं और साइबर सेल भी इस धमकी भरे मेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस और प्रशासन ने फिलहाल गुरुद्वारा परिसर और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे इलाके की तलाशी ली जा रही है। पंजाब के हरिमंदिर साहिब को 20 बार मिली धमकीः इससे पहले पंजाब में भी श्री हरिमंदिर साहिब को आरडीएक्स से उड़ाने की 20 बार धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, इस मामले में पंजाब पुलिस ने आरोपियों का पता लगाकार जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने इस मेल कंपनी से मेल से संबंधित सारा डाटा मंगवाया है। जो एक माह तक पुलिस को उपलब्ध होगा। पुलिस ने धमकियों को लेकर हरिमंदिर साहिब के आसपास की सुरक्षा बढा दी है। हालांकि अब तक पुलिस आरोपियों को काबू नहीं कर सकी है।

न्यूज IN ब्रीफ

## लातेहार के एसपी कुमार गौरव जिला और विभाग के लिए भी गौरव हैं



**बिनय मिश्रा :** लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव आमजन के लिए सहज, सरल और मृदुभाषी पुलिस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं वहीं अपराध नियंत्रण, अपराधियों की खोजबीन तथा नक्सल विरुद्ध सघन अभियान का ही यह परिणाम है कि कई नक्सली धरदबोचे गये तो कईयों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा से जुड़ने के लिए हथियार भी डाले। लातेहार जिला में पुलिस अधीक्षक के रूप में श्री गौरव की पद स्थापना का एक वर्ष का कार्यकाल काफी उपलब्धि और कामयाबी भरा रहा है।

2 सितम्बर को झारखंड सरकार की उग्रवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति तथा झारखंड पुलिस के निरंतर सतत प्रयास नई दिशा के अन्तर्गत लातेहार जिला पुलिस ने उग्रवाद समाप्ति की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद ( जे. जे. एम. पी.) के शीर्ष नौ सक्रिय कमांडरों ने लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों के समक्ष सामुहिक रूप से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का कार्य किया जो निश्चित तौर पर पुलिस कप्तान और जिला पुलिस के लिए एक उपलब्धि और गौरव है।

## राउमवि कोम्बाकेरा मे मनाया गया शिक्षक दिवस



सिमडेगा : राउमवि कोम्बाकेरा शिक्षक दिवस में मनाया गया। अतिथि के रूप में सामिल हुई शाहपुर पंचायत की मुखिया अंकिता केरकेटा और सभी शिक्षक को अंग वस्त्र देकर समानित किये इस मौके पर उन्होंने सभी छात्रों अभिवावक सभी को संबोधित करते हुए बताये कि शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं, जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने, मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे लिए किसी भगवान से कम नहीं होते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्कूल के प्रधान अध्यापक विजयंत कुमार गुप्ता अतिथि का धन्यवाद करते हुए अपने संबोधन में कहे की

5 सितंबर को, हम एक असाधारण शिक्षक, विद्वान और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हैं। जब छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जताई, तो उन्होंने इस दिन सभी शिक्षकों का सम्मान करने का सुझाव दिया। शिक्षक हमें न केवल पढ़ाई में, बल्कि जीवन के सबक भी सिखाते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता मुनेश्व तिर्की, शिक्षक खुलेश्व साहू,सिल्बिया टॉपनो,रजनी प्रतिमा सोरेंग,रेजिना सुजाता सोरेंग,भाजयुमो महामंत्री महेश सिंह,छोटे छोटे बच्चे एवम अभिवावक गण उपस्थित थे!

## लचरागढ़ के विद्यार्थियों ने अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में हासिल किया तृतीय स्थान

**लचरागढ़ :** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विद्यालयों के मध्य आयोजित अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, जलडेगा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 17 विद्यालयों की टीमें*शामिल हुईं, जिनमें से विवेकानन्द शिशु-विद्या मन्दिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।
प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रतिभागी छात्र-छात्राओं बहन आरती कुमारी, बहन रूहानी कुमारी, भैया कृष्णा साहू
ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाले विषयाचार्य श्रीमती लक्ष्मी देवी सुश्री यमुना कुमारी,सुश्री निशी कुल्लु का विशेष योगदान रहा।आज आयोजित सम्मान समारोह में समिति के सह-अभिभावक प्रतिनिधि श्री अजय साहू ने विजेता प्रतिभागियों एवं विषयाचार्यों को पुरस्कार एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र साहू*ने विजेता विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय बताते हुए, *श्री अजय साहू के प्रति आभार प्रकट किया।इस अवसर पर समिति के सचिव राजेश अग्रवाल,सह सचिव रिकी अग्रवाल,पूर्व छात्र डॉक्टर भानु प्रताप साहु,विकास साहु शुभकामना संदेश दिया।इस पावन अवसर पर विद्यालय के सभी कार्यकर्ता बंधु-भगिनी- एवं भैया- बहन उपस्थित। थे।

## यह प्रशिक्षु समाज में एक नई उम्मीद बन कर कार्य करेगी



**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 38 दिवसीय असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन साहिबगंज आसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक,अतिथि आसेटी प्रशिक्षक राजहंस कुमार,उपेन्द्र गोप ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक ने कहा यह प्रशिक्षण जेएसएलपीएस साहिबगंज के नौ प्रखंडों से आए हुए कुल पैंतीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जो कि सीएलएफ अकाउंटेंट थे जिसको की अकाउंटिंग सिखाया गया साथ ही वर्ड,एक्सल,पॉवर प्वाइंट,टेली, पीपीटीसाथ ही आसेटी के द्वारा बैंकिंग से सरकार की विभिन्न योजनाएं अटल पेंशन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना,मुद्रा लोन , प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के साथ साथ बचत करना,गरीबी का चक्र, स्मार्ट बचत इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।ताकि वह स्वयं आत्म निर्भर बन सके।मौके पर कार्यक्रम के संकाय राजहंस कुमार ने कहा अब यह प्रशिक्षु समाज में एक नई उम्मीद बन कर कार्य करेगी।

# दिल्ली सरस आजीविका मेला में सिमडेगा की दीदियों ने लहराया परचम



**संवाददाता**

**सिमडेगा :** नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 5 से 22 सितंबर 2025 तक आयोजित हो रहे सरस आजीविका मेला में सिमडेगा जिले से समूह की महिलाएँ अपने हुनर और मेहनत से नई पहचान बना रही हैं। झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जेएसएलपीएस) के सहयोग से ब्रांड पलाश के तहत प्रदर्शित किए जा रहे स्थानीय उत्पाद खरीदारों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

ब्रिजिट कडूलना झ्र संघर्ष से सफलता तक का सफर

सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड की रहने वाली ब्रिजिट कडूलना कभी साधारण ग्रामीण महिला थीं। घर की जिम्मेदारियों के बीच जब उन्होंने मां बांधा चंडी आजीविका सखी मंडल से जुड़कर स्वयं सहायता समूह की शक्ति को अपनाया, तो उनकी ज़िंदगी ने नया मोड़ लिया। समूह के माध्यम से उन्हें ऋण मिला और उन्होंने मडुआ (रागी) की खेती शुरू की।

धीरे-धीरे खेती के साथ उन्होंने सोचा कि क्यों न मडुआ से बने मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किए जाएँ। इसी सोच से उन्होंने मडुआ लड्डू, चाणाचूर, मडुआ पापड़, सफेद और काले तिल के लड्डू, अचार और मधुरस जैसे उत्पाद बनाना शुरू किया।

ब्रांड पलाश से मिली नई उड़ान

जेएसएलपीएस और ब्रांड पलाश के सहयोग से ब्रिजिट को अपने उत्पाद बेचने का स्थायी मंच मिला। उनके उत्पाद पलाश मार्ट, विभिन्न मेलों और स्थानीय बाजार में बिकने लगे। गुणवत्ता और परंपरागत स्वाद के कारण इन उत्पादों को ग्राहकों ने हाथों-हाथ लिया।

उनकी लगातार मेहनत और लगन ने उन्हें ह्यलखपति दीदीह्ण की श्रेणी में ला खड़ा किया। आज वह सिर्फ अपने परिवार का सहारा नहीं, बल्कि अपने इलाके की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

दिल्ली सरस मेला में ग्राहकों की भीड़

इस वर्ष ब्रिजिट दूसरी बार दिल्ली सरस मेला में भाग ले रही हैं। स्टॉल नंबर 149 पर उनके मडुआ आधारित उत्पाद ग्राहकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। पहले ही दिन उनकी बिक्री 15 से 16 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है। उनका लक्ष्य है कि मेले की समाप्ति तक वह एक लाखों रुपये से अधिक की कमाई करें।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल

ब्रिजिट की सफलता कहानी केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि सामूहिकता, आत्मविश्वास और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग किस तरह ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी बदल सकता है।

आज वह पूरे आत्मविश्वास से कहती हैं सखी मंडल से जुड़कर मुझे नई दिशा मिली। अब मैं न सिर्फ अपने परिवार को संभाल रही हूँ बल्कि अपने जिले और राज्य का नाम रोशन कर रही हूँ।

दिल्ली सरस मेला में ब्रिजिट जैसी महिलाएँ यह साबित कर रही हैं कि गाँव की मिट्टी में पला हुआ परिश्रम, जब सही मार्गदर्शन और बाजार से जुड़ता है, तो वह न सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता लाता है बल्कि महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल भी गढ़ता है।

## डाक कर्मचारी संघ समिति का दो दिवसीय महासम्मेलन धनबाद में आयोजित

### हक और अधिकार की लड़ाई में जानकी यादव का आह्वान एकजुट हों कर्मचारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद।** अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ, पोस्टमैन एवं एमटीएस की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का दो दिवसीय महासम्मेलन धनबाद में आयोजित हुआ, जिसमें देश भर के डाक कर्मचारी और केंद्रीय कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर एकजुट हुए। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करना और सरकार पर दबाव बनाने के लिए एक ठोस रणनीति बनाना था। सम्मेलन का उद्घाटन अध्यक्ष राज्य पिछडा वर्ग आयोग झारखंड, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए संघर्ष के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कर्मचारियों का प्रमुख माँगें और मुद्दे, 1. 8वें वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि 01 जनवरी, 2026 से लागू होने वाले 8वें वेतन आयोग की समिति का गठन अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 7वें वेतन आयोग को लागू होने में भी डेढ़ साल का समय लगा था। कर्मचारी नेताओं का मानना है कि समय पर कमेटी का गठन होने से पोस्टमैन, एमटीएस और अन्य कर्मचारियों की स्थिति का सही मूल्यांकन हो पाएगा। 2. पुरानी पेंशन योजना (डढर) की बहालीः यह कर्मचारियों की सबसे बड़ी और भावनात्मक मांग बनी हुई है। सवाल उठाया कि जब बड़े- बड़े नेताओं को पुरानी पेंशन का लाभ मिलता है, तो कर्मचारियों को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि वे नई पेंशन योजनाओं (यूपीएस, एनपीएस) को स्वीकार नहीं करेंगे सहित अन्य मांगें शामिल है। इस सम्मेलन में निरसा के विधायक अरुप चटर्जी और सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो भी उपस्थित थे।

## गुणवत्ता पूर्ण के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश : एजीएम



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** हावड़ा रेल जोन के एजीएम शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत निमार्णाधीन साहिबगंज रेलवे का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन में किए गए कार्यो को बारीकी से देखा और उपस्थित अधिकारियों व ठेकेदार को बेहतर कार्य करने के साथ-साथ बचे हुए कार्य को गुणवत्ता पूर्ण के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने पिर्टिको, एसएस कक्ष व अन्य स्थानों से पानी रिसने की समस्या को जल्द सुधारने का निर्देश दिया।स्टेशन परिसर में स्थित शौचालय का जायजा लिया।वहीं प्लेटफार्म नंबर एक से प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाने वाले रैंप को जल्द से जल्द चालू करने का निर्देश दिया।एजीएम ने डीएमयू मेंटेनेंस शेड का भी निरीक्षण किया।वहां 22 डब्बे का मेंटेनेंस शेड वाशिंग पीट निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की।वहीं डीएमयू मेंटेनेंस शेड परिसर में पौधारोपण भी किया।मौके पर एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद,सीपीएम जीएसयू आर वी नागराले,वरिष्ठ डीईएनसी नीरज कुमार वर्मा,वरिष्ठ डीएसटीई राजेंद्र कुमार,वरिष्ठ डीईईजी चंद्र कुमार पटेल,वरिष्ठ डीएमई ईएनएचएम प्रदीप दास,वरिष्ठ डीएसओ ताराचंद,डीएससी असीम कुमार कुल्लू, एसीएम रसराज माजी,वरिष्ठ डीईएन द्वितीय विद्युत मंडल,वरिष्ठ डीईएन तृतीय राजेश कुमार,क्षेत्रीय अधिकारी भागलपुर प्रवीण कुमार,एसएस गुड्डू कुमार,आरपीएफ इंस्पेक्टर गुलाम सरवर,जीआरपी इंस्पेक्टर सहित अन्य थे।

## जनता ने दिया साथ तो बदल देंगे कोडरमा की तस्वीर : सईद नसीम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर युवा कांग्रेस नेता सईद नसीम ने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान हर प्रखड से 5- 5 लोग बाकी नगरपरिषद झुमरीतिलैया, नगरपंचायत कोडरमा, डोमचांच से भी सैकड़ो की संख्या में युवाओं की भागीदारी देखी गई. सैकड़ों कार्यकर्ता, समर्थक और शुभचिंतक उनके साथ सड़कों पर उतरे और शक्ति प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जुलूस के दौरान नसीम ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत जनता है और यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद व सहयोग मिला, तो वे कोडरमा की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ -साथ आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। नसीम ने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूती देने का आह्वान भी किया। उनके शक्ति प्रदर्शन को आगामी जिला अध्यक्ष पद की दौड़ में अहम माना जा रहा है। कोडरमा में कांग्रेस की सक्रिय राजनीति को नई दिशा देने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब जनता और संगठन मिलकर बदलाव की नई कहानी लिखेंगे।

## गुवाअहरी तालाब सौन्दर्यकरण में लापरवाही, बीच रोड पर बोल्डर से बढ़ा हादसे का खतरा

**कोडरमा :** डोमचांच नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 8 में गुवाअहरी तालाब के सौन्दर्यकरण कार्य में संवेदक की लापरवाही साफ झलक रही है। तालाब के बीच रोड पर बड़े- बड़े पत्थर के बोल्डर डाल दिए गए हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौन्दर्यकरण के नाम पर बिना सुरक्षा इंतजाम किए सड़क किनारे भारी पत्थर छोड़ दिए गए हैं। इससे सुबह- शाम आवाजाही करने वाले राहगीरों और बाइक सवारों को जान का जोखिम उठाना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक बन गया है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते इन बोल्डरों को नहीं हटाया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि तालाब का सौन्दर्यकरण भी हो और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की गूंज, भारी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ता



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू एवं पतना प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम की अध्यक्षता में साहिबगंज जिला अध्यक्ष चयन हेतु बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के साथ निशा मैरिज हॉल एक बैठक बरहरवा में संपन्न हुई।बैठक में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया,प्रदेश से नियुक्त पर्यवेक्षक सह अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं साहेबगंज जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।साहिबगंज जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर ने मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद,राहुल गांधी जिंदाबाद आलमगीर आलम जिंदाबाद के नारों से अपने संबोधन की शुरूआत की उन्होंने बताया कि हम बरहरवा पतना एवं पाकुड़ विधानसभा के लोगों को विशेष रूप से बधाई एवं धन्यवाद देते हैं इस बात के लिए की पूरे झारखंड में अपने पाकुड़ विधानसभा को पूरे 85000 वोटो से जीत दिला कर घुसपैठी के मुद्दे को पराजित किया है।इसके लिए हमारे एक-एक कांग्रेस के सिपाही धन्यवाद के पात्र है।आगे उन्होने ने बताया की एक मदारी आसाम से बुलाया यहां पर आकर घुसपैठ का मुद्दा उठाया।एक मदारी देवघर के निशिकांत दुबे और दोनों मदारी ने मिलकर यहां पर पुलिस ईडी सीबीआई सब का सहारा लिया डराया धमकाया लेकिन आपने 85 हजार वोटो से से जीत दिला कर घुसपैठ के मुद्दे को टाय टाय फिश कर दिया।आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह आप लोगों ने पहले भी कांग्रेस के झंडा को यहां पर बुलंद किया है मुझे विश्वास है। की आगे भी आप राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का झंडा बुलंद करते रहेंगे।एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया ने बताया कि संगठन सृजन अभियान 2025 का ये अभियान एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गुजरात, मध्य प्रदेश और हरियाणा में सफलता पूर्वक संचालित किया जा चुका है।अब इसका विस्तार पूरे देश में किया जा रहा है।इसी क्रम में झारखंड के साथ-साथ पंजाब,ओडिशा और उत्तराखंड में भी पर्यवेक्षकों को भेजा गया है।इसी क्रम में मैं भी आपके प्रखंड पर्यवेक्षक के रूप में आया हूं।इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य देशभर में कांग्रेस पार्टी के नए जिला अध्यक्षों का चयन करना और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करना है।कांग्रेस पार्टी इस प्रक्रिया के माध्यम से संगठ नात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।बैठक में जिलाध्यक्ष बरकत खान और बरहरवा एवं पतना प्रखंड कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष,कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और एनएसयूआई प्रतिनिधि मंडल मौजूद रहे।बैठक के उपरान्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया ने बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण से वन टू वन मुलाकात किया और सभी की रायशुमारी ली।